


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 169 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 24 अप्रैल 2023





पेज -4 पर नटवर स्कूल में हुआ दूसरे ज्ञान मॉक टेस्ट का आयोजन, 267 विद्यार्थी हुए ....

अंगना म शिक्षा के अंतर्गत 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया ... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# मुख्यमंत्री ने 57 लाख के कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया गया

**दुर्ग।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव,भामाशाह जयंती का आयोजन 21 एवं 22 अप्रेल को ग्राम गातापार में आयोजित किया गया। जिसमें आज 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 16 नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे थे। आज समाज द्वारा 1007 दीप का प्रज्वलन कर माँ कर्मा देवी की महाआरती कर, कर्मा महोत्सव व दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति एवं अतिथि समागम हुआ। इसके पश्चात बारात स्वागत एवं वैवाहिक संस्कार पाणिग्रहण का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्यमंत्री ने नव जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साहू समाज द्वारा पिछले 20 वर्षों से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समाज सदैव आगे बढ़ता रहे इसके लिए निरंतर चिंतन और समीक्षा पर जोर दिया। उन्होंने आगे अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक और आर्थिक स्थिति में



सकारात्मक बदलाव लाना शासन की हमेशा से प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में शासन निरंतर कार्य भी कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक दिशा में शासन की पहल पर भी चर्चा की जिसमें उन्होंने राजीम मांघि पुन्नी मेला का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि राजिम में इसके लिए 55 एकड़ जमीन स्वीकृत की गई जहां पहुंच मार्ग बनाने से लेकर साधु व संत जनों के लिए धर्मशाला का निर्माण, डोम का निर्माण व अन्य निर्माण कार्य योजनाबद्ध



तरीके से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने तहसील साहू समाज के युवा सामाजिक भवन के लिए 50 लाख की घोषणा की इसके साथ ही उन्होंने गातापार तलाब सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। इसके पूर्व उन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में 57 लाख के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया। जिसमें पानी टंकी गातापार 25 लाख, सार्वजनिक शौचालय 3.50 लाख, रंगमंच गातापार 3 लाख, रंगमंच

**गातापार (बेल्हारी) के आदर्श सामूहिक विवाह में 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे,**

**- तहसील साहू समाज के युवा सामाजिक भवन के लिए 50 लाख की घोषणा व गातापार में तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा**

उमरपोटी 2 लाख, शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं गोडाउन 10 लाख, सामुदायिक भवन गातापार 6.5 लाख, कर्मा भवन जीर्णोद्धार 2 लाख सहित 52 लाख का लोकार्पण तथा 5 लाख की राशि से शीतला प्रांगण जीर्णोधार कार्य का भूमि पूजन सम्मिलित है। गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम में सामाजिक संगठन को संबोधित करते हुए समाज के पदाधिकारियों को प्रत्येक निर्णय सामाजिक हित में लेने की बात कही। उन्होंने सामाजिक सदस्यों को नियमावली में प्रस्तुत बिंदुओं का चिंतन करने व सामाजिक समरसता को बनाएं रखने की बात भी कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री आशीष वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू, डॉ. दयाराम साहू (पूर्व विधायक गुण्डरदेही), एवं अन्य जनप्रतिनिधि व समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मजदूर की ऑन द स्पॉट मौत, 18 चक्का वाहन ने कुचला



**जांजगीर-चांपा।** जिले तालदेवरी गांव के बस स्टेशन के पास 18 चक्का ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त शंकर यादव (19 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं दूसरा युवक रविशंकर (27 वर्ष) गंभीर रूप से घायल है। वो बाइक के पीछे बैठा हुआ था। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नवागढ़ पेंड्री के रहने वाले शंकर यादव और रवि शंकर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर ग्राम करही अपने काम पर जा रहे थे। दोनों मजदूरी करते थे। दोनों तालदेवरी बस स्टैंड के पास पहुंचे ही थे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद सामने से आ रहे 18 चक्का ट्रेलर ने भी बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक युवक शंकर यादव ट्रेलर के चक्के के नीचे आकर कुचल गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं रवि शंकर नाम का युवक गंभीर रूप से घायल है।

### मानस मंडलियों की महिलाओं को मिलेगा माता कौशल्या अलंकरण

**रायपुर।** अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही मानस मंडलियों की महिलाओं को माता कौशल्या अलंकरण दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए शासन ने यह विशेष पहल की है। चंदखुरी में आयोजित माता कौशल्या महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर यह घोषणा संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने की। रिमझिम बारिश के बीच मंत्री ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की।

# सेक्स रैकेट की शिकायत मिलने पर रायपुर पुलिस ने सपा सेंटर्स में मारा छापा

### संदिग्ध हालत में मिली कई लड़कियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस रविवार को ताबड़तोड़ स्पा सेंटरों में छापेमारी कर रही है. पुलिस को सेक्स रैकेट की शिकायत मिली थी. स्पा सेंटरों में जिस्मफरोशी का धंधा होता है, जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई. कई लड़कियां संदिग्ध हालत में मिली हैं।



पुलिस महिला अधिकारियों के साथ अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही है. एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट समेत डीएसपी अधिकारियों ने दबिश दी है. देह व्यापार की शिकायत पर रेड की कार्रवाई हुई है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि लंबे समय से स्पा सेंटरों में शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसके बाद आज महिला डीएसपी समेत एसीसीयू की संयुक्त टीम तैयार रेड कार्रवाई की गई है. शहर के कई स्पा सेंटरों ओर टीम दबिश दी है.

इसके पहले दुर्ग में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ था. दुर्ग के स्टेशन रोड स्थित होटल तुलिस में चल रहे सेक्स रैकेटका पुलिस ने भंडाफोड़ किया था. शुक्रवार रात करीब 12 बजे पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए होटल तुलिस से दलाल सहित तीन युवक व 2 युवतियों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# स्टेशन में मिली अधजली लाश, मचा हड़कंप

**रायपुर।** । तिल्दा स्टेशन में लाश मिलने से हड़कंप मच गया । लाश आधी जली हुई है। अज्ञात युवक शव देखकर आस-पास के लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रेलवे माल धक्का के पास अज्ञात युवक का शव मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है।



पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल अज्ञात शख्स की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि शव को देखकर प्रथम दृष्टया हत्या का मालूम हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा होगा।

घटना के बाद पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना दे दी है ताकि जल्द से जल्द शव की शिनाख्त हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

केदार कश्यप ने सरकार को घेरा

### कहा- प्रदेश की 90 प्रतिशत जनता नहीं जानती कौन है गृहमंत्री



**रायपुर।** खरोरा में हुई सामूहिक आत्महत्या पर पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश की 90 प्रतिशत जनता नहीं जानती है कि गृह मंत्री कौन है. सरकार हाथ बांधकर बैठी हुई है. सामूहिक हत्या और आत्महत्या की घटनाएं प्रदेश में बढ़ती जा रही है। हेट स्पीच मामले में बीजेपी नेता पर हुई एफआईआर पर केदार कश्यप ने कहा कि सबसे पहले हेट स्पीच पर सीएम को अपने पिता पर एफआईआर करनी चाहिए, कवासी लखमा और बृहस्पति सिंह पर एफआईआर करनी चाहिए. हिंसक घटना को अंजाम देते हैं, और क्षेत्र के मंत्री एक भी जवाब नहीं देते.

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह खत्म हो चुकी है. कांग्रेस ने पुलिस के हाथ बांध कर रख दिए हैं. आज खुलेआम अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है. बुलडोजर पर गर्म प्रदेश की सियासत के बीच मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर पूर्व मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के मंत्री अपना विभाग संभाल नहीं पा रहे हैं।

# फार्मेसी डिप्लोमा-डिग्री के फर्जीवाड़े मामले में एक और एफआईआर


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फार्मेसी डिप्लोमा एवं डिग्री के फर्जीवाड़े मामले में एक और बढ़ा खुलासा हुआ है। पड़ोसी राज्य की यूनिवर्सिटी के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जी डिप्लोमा एवं डिग्री प्रस्तुत कर मेडिकल स्टोर्स संचालन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जो जांच में फर्जी निकले। इन आरोपियों के खिलाफ तेलीबांधी पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। छग स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के चैयरमेन डॉ. श्रीकांत राजिमवाले ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फार्मेसी डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त करने वाले कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउसिंल रायपुर आनंद नगर में पंजीयन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करते है, जिस पर उसका पंजीयन विधिवत् किया जाता है, इसके पश्चात् मेडिकल स्टोर्स संचालित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से ड्रग




लायसेंस प्रदाय किया जाता है। सन् 2021 एवं 2022 में फार्मसी डिप्लोमा व डिग्री को पंजीयन के लिए कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए थे। आवेदन पत्रों से संलग्न फार्मेसी डिप्लोमा और डिग्री की जांच कराई गई। जांच के दौरान सनराईस यूनिवर्सिटी बैगाड राजपुर राजस्थान से रमाकांत निषाद, शीतल कुमार महार, संजय कुशवाहा, सूरज कुमार अग्रवाल, ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चुरू राजस्थान से चन्द्रेश कुमार साहू, डामेश्वर कुमार साहू, श्रीधर युनिवर्सिटी पिलानी राजस्थान से रविन्द्र कुमार साहू, स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी सागर मप्र से खेम लाल धीवर के फार्मेसी डिप्लोमा छत्तीसगढ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के समक्ष आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल लखनउ से रविन्द्र कुमार द्वारा फर्जी काउंसिल मे पंजीयन की प्रमाण पत्र के साथ एनओसी प्रमाण पत्र के लिए प्रस्तुत करना पाया गया। इसके साथ ही राजस्थान फार्मेसी काउंसिल जयपुर, सत्य साई यूनिवर्सिटी सिहोर मध्य प्रदेश, मोनाद यूनिवर्सिटी हापुर उप्र, जेएस यूनिवर्सिटी शिकोटाबाद फिरोजाबाद उप्र के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कराया गया है।

# अगर आप अडानी और मोदी जी के खिलाफ बोलेंगे तो कीमत चुकानी पड़ेगी-भूपेश बघेल

### राहुल गांधी के बंगला खाली करने पर सीएम ने किया भाजपा पर वार



**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बंगला खाली कराने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया और कहा कि देश में अगर आप अडानी और मोदी जी के खिलाफ बोलेंगे तो कीमत चुकानी पड़ेगी। उनकी (राहुल गांधी) की सदस्यता रद्द कराकर बंगला खाली कराई गई, इससे स्पष्ट है कि जो भी खिलाफ बोलेगा उनपर कार्रवाई होगी। ये कोई पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी कई घटनाएं हुई हैं।

पूर्व सीएम रमन सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र,

# नई ट्रेन चलाने के संबंध में किया आग्रह, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के यात्रियों की सुविधा पर दिया जोर



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने रविवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रीवा (मध्यप्रदेश) से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग (छत्तीसगढ़) होकर नागपुर (महाराष्ट्र) अथवा दुर्ग तक नई ट्रेन संचालन का आग्रह किया. उन्होंने पत्र में लिखा कि दैनिक यात्री ट्रेन नं. 18247 / 18248 ( रीवा से विलासपुर ) को रीवा (म. प्र.) से दुर्ग (छ.ग.) तक विस्तारित करने का प्रस्ताव मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सांसदों और मेरे द्वारा प्रेषित किया गया था, लेकिन आपके पत्र दिनांक 07 फरवरी 2022 द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन अधोसंरचना और अन्य कारणों से उक्त ट्रेन का विस्तार अभी संभव नहीं है. पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भविष्य में विस्तार और संचालन संबंधी इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य के विध्यांचल स्थित जिला रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, सिंगरौली, उमरिया, अनूपपुर से बड़ी मात्रा में कर्मचारीगण अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में सेवारत थे, जो राज्य में ही कार्यरत हैं। आपसी रिश्तेदारी, व्यवसायिक, पर्यटन और धार्मिक, चिकित्सकीय दायित्वों के लिए भी दोनों राज्यों के निवासियों का आना जाना बना रहता है. अत: निवेदन है कि विध्यांचल कल्याण समाज छत्तीसगढ़ की मांग अनुसार व्यापक जनहित में रीवा (मध्यप्रदेश) से बिलासपुर, रायपुर दुर्ग (छत्तीसगढ़) होकर नागपुर (महाराष्ट्र) अथवा दुर्ग तक नई ट्रेन संचालन की अनुमति दी जाए।

खनिज राजस्व... **सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति वाले जिलों में दंतेवाड़ा अव्वल**

# खनिजों से राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिला रिकार्ड 12 हजार 941 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खनिज बहुल छत्तीसगढ़ प्रदेश में खनिज क्षेत्रों के विकास, खनिज क्षेत्रों के बेहतर प्रबंधन और अत्याधुनिक तकनीक के खनिज प्रशासन में उपयोग से प्रदेश को खनिजों से मिलने वाले राजस्व में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश में संचालित खनिज गतिविधियों से 12 हजार 941 करोड़ रूपए का रिकार्ड खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष की तुलना में 636 करोड़ रूपए अधिक है। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म श्री जय प्रकाश मौर्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार लौह अयस्क से सर्वाधिक



3607 करोड़ रूपए का राजस्व मिला है। प्रदेश में मुख्यत: कोयला, लौह अयस्क, चूनापत्थर एवं बाक्साइट खनिजों से राजस्व प्राप्त होता है। लौह अयस्क से 3607 करोड़ रूपए, खनिज कोयले से 3336 करोड़ रूपए, चूनापत्थर से 392 करोड़ रूपए एवं बाक्साइट से 31 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्त हुआ है।

### सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति वाले जिलों में दंतेवाड़ा अव्वल

वित्तीय वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक खनिज राजस्व प्राप्ति के जिलों में दंतेवाड़ा से 6419 करोड़ रूपए, कोरबा से 2361 करोड़ रूपए, रायगढ़ से 1717 करोड़ रूपए, बालोद से 760 करोड़ रूपए, बलौदाबाजार से 315 करोड़ रूपए, कांकेर से 286 करोड़ रूपए एवं सरगुजा जिले से 262 करोड़ रूपए खनिज राजस्व की प्राप्ति हुई है। प्रदेश में प्राप्त होने वाले खनिज जहां राज्य में अधोसंरचनात्मक विकास, बिजली के उत्पादन, उद्योगों के संचालन में अपना योगदान दे रहे हैं, वहीं खनिज राजस्व राज्य के वित्तीय विकास में महत्त्वपूर्ण साझेदारी प्रदान कर रहा है। विभाग के संयुक्त संचालक श्री अनुराग दीवान से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन की नवीन नीति के तहत वर्ष 2015-16 में ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित 02 मुख्य खनिज चूनापत्थर ब्लॉक्स यथा करही चंडी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं केसला, जिला रायपुर में वर्ष 2022-23 में उत्पादन प्रारंभ हुआ है।

**पिछले वर्ष की तुलना में 636 करोड़ रूपए अधिक खनिज राजस्व मिला**

**लौह अयस्क से मिला सर्वाधिक 3607 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व, कोयले से 3336 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व**

# छत्तीसगढ़ में कोरोना सक्रिय मरीजों की संख्या 3000 के पार

### पॉजिटिविटी दर बढ़कर 13 फीसदी के पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के मामले शनिवार को अन्य दिनों की अपेक्षा कम रहे। प्रदेश में सैंपलों की जांच में आई कमी के कारण आंकड़ा घटा है। शनिवार को छत्तीसगढ़ में कुल 1979 सैंपलों की जांच की गई जिसमें 259 नए मरीज मिले हैं। इस दौरान संक्रमण दर में भारी बढ़ोत्तरी देखी गई। शनिवार को छत्तीसगढ़ का पाजिटिविटी दर 13.09 प्रतिशत रहा जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके साथ ही अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3084 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 22 जिलों में संक्रमित मरीज मिले हैं। शेष जिलों में कोई केस नहीं है। फिलहाल





रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा में सबसे ज्यादा एक्टिव केस हैं। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा संख्या 34 मरीज सरगुजा से सामने आए हैं। दयके अलावा रायगढ़ में 31 मरीज, दुर्ग व बिलासपुर में 30-30, बलौदा बाजार में 23, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही में 19, राजनांदगांव में 15, रायपुर से 11, महासमुंद में 10,कांकेर में 9, कोरिया में 8, दंतेवाड़ा, बालोद, धमतरी व बस्तर में 5-5, कोरबा में 4, सूरजपुर, बलरामपुर, जांजगीर-चांपा व जशपुर जिले में 3-3,कबीरधाम में 2 और नारायणपुर में 1 मरीज की पुष्टि हुई है।

# कई नेताओं के दल बदल के बाद कर्नाटक में रोचक हो गया है सत्ता का संग्राम

शेट्टार के भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने से जहां भाजपा को नुकसान होना तय माना जा रहा है वही कांग्रेस को भी चुनाव में फायदा मिलेगा। इसीलिए कांग्रेस ने जगदीश शेट्टार व लक्ष्मण सावदी को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। कर्नाटक में आगामी दस मई को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं।

उससे पूर्व कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम देश की राजनीति में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगें। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी के संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार व पूर्व उपमुख्यमंत्री रहे लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है।

भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ने भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के निशान पर चुनाव मैदान में उतर गये हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में



उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं। इसलिए उनकी छवि साफ मानी जाती है। बीएस येदियुरप्पा के बाद वह लिंगायत समुदाय के दूसरे सबसे बड़े नेता माने जाते हैं।

शेट्टार के भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने से जहां भाजपा को नुकसान होना तय माना जा रहा है वही कांग्रेस को भी चुनाव में फायदा मिलेगा। इसीलिए कांग्रेस ने जगदीश शेट्टार व लक्ष्मण सावदी को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा व ईश्वरप्पा के इस बार चुनावी मैदान में नहीं होने से पार्टी के पास बड़े चेहरे का भी अभाव है। कांग्रेस चाहती है कि किसी भी तरह से भाजपा को हरा कर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई जाए ताकि पार्टी के गिरते जनाधार को रोका जा सके। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कर्नाटक में कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं। उनकी सदा से ही मुख्यमंत्री बनने की चाहत रही है जो इस बार सरकार बनने पर पूरी हो सकती है। वैसे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे के सामने अपने गृह प्रदेश में सरकार बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है।

कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर मैसूरू इलाके में अपना मजबूत जनाधार रखती है। प्रदेश की 100 सीटों पर जनता दल सेक्युलर चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की ताकत रखती है। जनता दल सेक्युलर ने किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी समझौता नहीं किया है। उनका मानना है कि चुनाव में पिछले बार की तरह किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। ऐसे में वह अपने जीते हुए विधायकों के बल पर सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक करोड़ 33 लाख 28 हजार 524 वोट यानी 36.35 प्रतिशत मतों के साथ 104 सीटें मिली थी। वहीं कांग्रेस को एक करोड़ 39 लाख 86 हजार 526 वोट यानी 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 80 सीटों पर जीत मिली थी। जनता दल सेक्युलर को 67 लाख 26 हजार 667 वोट यानी 18.30 प्रतिशत वोटों के साथ 37 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस 6 लाख 58 हजार दो वोट यानी 1.70 प्रतिशत अधिक मत लेकर भी भाजपा से 24 सीटों से पिछड़ गई थी। इसका मुख्य कारण था जनता दल सेकुलर का कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाना। पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत समुदाय का कोई बड़ा नेता भी नहीं था। लेकिन इस बार जगदीश शेट्टार के आने से कांग्रेस को लिंगायत समुदाय के वोट बैंक में सेंध लगाने का एक बड़ा हथियार मिल गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत नहीं था। ऐसे में कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने मिलकर जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया था।। मगर 14 महीने बाद ही भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल सेक्युलर के विधायकों से इस्तीफे दिलवा कर जोड़-तोड़ से अपनी सरकार बना ली थी। उस समय बीएस येदियुरप्पा भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बने थे। मगर येदियुरप्पा की मनमानी व उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार को लेकर लगे आरोपों के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा और जुलाई 2021 में बसवराज बोम्मई को भाजपा ने नया मुख्यमंत्री बनाया था।

हालांकि बोम्मई मुख्यमंत्री बन गए मगर सरकार पर पूरा प्रभाव पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का ही रहा। 2019 में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने के बाद से ही कर्नाटक भाजपा में लगातार उथल पुथल होती रही है। चुनाव से पहले कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से भाजपा मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। वहीं भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत तक की कमीशन खोरी के आरोप लगाकर कांग्रेस उन्हें लगातार कटघरे में खड़ा करती रही है। पिछले दिनों बेंगलुरु में लोकायुक्त पुलिस ने बीजेपी विधायक मदाल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को एक ठेकेदार से 40 लाख रुपयों की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उसके बाद प्रशांत कुमार के घर से छः करोड़ रूपये भी बरामद किए गए थे। प्रशांत कुमार बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड में चीफ अकाउंटस ऑफीसर थे। उन्हें कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड के आफिस से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।

रमेश सर्राफ धमोरा

## संपादकीय

### सबसे बड़ी आबादी बिना गिनती के!

भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ का जनसंख्या डैशबोर्ड बता रहा है कि भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है, जो चीन से करीब 57 लाख ज्यादा है। लेकिन भारत के पास इसका आधिकारिक आंकड़ा नहीं है क्योंकि 2011 के बाद 2021 में जो जनगणना होनी थी वह नहीं हुई है। सो, आखिरी जनगणना के 12 साल बाद आबादी का आंकड़ा अनुमानों पर आधारित है। सब जानते हैं कि पिछले 12 साल में दुनिया तेजी से बदली और आबादी नियंत्रित करने के जो उपाय हुए थे उनका व्यापक असर दिखा है। लेकिन गिनती होती तो पता चलता कि किस समुदाय और किस भौगोलिक इलाके में किस तरह से जनसंख्या संरचना में बदलाव आया है। पहले कोरोना वायरस की महामारी की वजह से जनगणना टली थी और फिर लोकसभा चुनाव की वजह से इसके टले रहने की संभावना है। मार्च 2020 में जब भारत में कोरोना का विस्फोट हुआ उस समय जनगणना की तैयारी चल रही थी। डिजिटल तरीके से गिनती के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया था लेकिन कोरोना की वजह से उसे स्थगित करना पड़ा। कोरोना महामारी खत्म होने में दो साल से ज्यादा समय लग गया। मार्च 2022 में रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने जनगणना के नियमों में कुछ बदलाव किया। कहा गया कि अब नागरिक जनगणना और नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर में खुद ही अपनी गिनती करा सकते हैं। इसके बाद ऐसा लग रहा था कि मकानों की सूची बनाने का काम 2022 में हो जाएगा।

# चुनाव से पहले कानूनी लड़ाई!

*विपक्षी पार्टियों को अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले लंबी और बेहद सघन कानूनी लड़ाई लड़नी है। उससे बचेंगे तभी चुनाव लड़ने के लायक रहेंगे। विपक्ष को राजनीतिक लड़ाई भी कानूनी तरीके से लड़नी है और जमीन पर चुनाव लड़ने से पहले अदालत के परिसर में राजनीति की लड़ाई भी लड़नी है। यह अनायास नहीं था कि देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर सुप्रीम कोर्ट में पहुंचीं थीं और केंद्रीय एजेंसियों- सीबीआई व ईडी के दुरुपयोग की शिकायत की थी।*

यह अलग बात है कि उनकी शिकायत खारिज हो गई और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राजनेताओं के लिए अलग नियम नहीं बना सकती है। लेकिन इस मामले से यह जाहिर हुआ कि विपक्ष के सामने चुनौती कितनी गंभीर है। अदालत में जाकर विपक्ष देश के मतदाताओं को भी यह मैसेज देने में कामयाब हुआ कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में विपक्ष को चुनाव लड़ने का समान अवसर नहीं मिल रहा है या उसकी संभावना को कमजोर करने के लिए उसे केंद्रीय एजेंसियों के जरिए परेशान किया जा रहा है। हालांकि यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जिस ईडी की शिकायत लेकर विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था उसकी बेहिसाब शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी हुई है।

विपक्ष की कानूनी लड़ाई के दो पहलू हैं। पहला, केंद्र सरकार के नीतिगत फैसलों पर अदालत की मुहर या चुप्पी और दूसरा, केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष पर कार्रवाई। अगर बारीकी से देखें तो अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का जो भी कोर मुद्दा होगा उसमें अदालतों की भूमिका भी दिखेगी। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जनवरी 2024 में होना है। मंदिर निर्माण का फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी विवादित जमीन हिंदू पक्ष को दी और मुस्लिम पक्ष को विवादित जगह से कहीं दूर जमीन देने का आदेश दिया। अगर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे हुआ और वहां शिवलिंग मिलने की चर्चा हुई तो वह भी अदालत के जरिए हुआ। मथुरा में अगर शाही ईदगाह का मुद्दा चर्चा में है तो वह भी अदालत की वजह से है। तीन तलाक को अवैध करने का फैसला सर्वोच्च अदालत ने दिया और अब बहुविवाह व हलाला का मामला भी अदालत में है। कर्नाटक में स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने को लेकर विवाद हुआ, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच का फैसला बंटा हुआ था। अभी तक तीन जजों की बेंच बना कर सुनवाई शुरू नहीं हुई है और राज्य में हिजाब पर पाबंदी जारी है। सो, ऐसे नीतिगत मामले, जिनका भारतीय जनता पार्टी चुनावों में इस्तेमाल करती है या आगे करेगी, उन पर अदालतों से या तो सरकार के पक्ष में या हिंदू पक्ष के हक में फैसला आया है या मामला लंबित है और कानून अमल में है। मिसाल के तौर पर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का मामला है। इस मामले में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थीं और अब जाकर फरवरी 2023 में अदालत ने इन सारी याचिकाओं सूचीबद्ध करने की बात कही है। सोचें, याचिकाएं अगस्त 2019 के बाद ही दायर की गई थीं लेकिन अभी तक मामला तकनीकी पहलुओं में उलझा हुआ है। संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए को सरकार ने अभी लागू नहीं किया है लेकिन संसद से पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद से ही इस कानून के खिलाफ याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दायर की गई हैं और अभी तक उनका निपटारा नहीं हुआ है। इन मुद्दों के लंबित रहने पर भी लाभार्थी भारतीय जनता पार्टी ही है।

विपक्षी पार्टियों के सामने इलेक्टोरल बॉन्ड का एक बड़ा मसला है। जब से कॉरपोरेट चंदे के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लागू हुई है तब से इसकी पारदर्शिता पूरी तरह से समाप्त हो गई है और साथ ही विपक्षी पार्टियों के लिए चंदे का स्रोत लगभग सूख गया है। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिए जाने वाले चंदे का 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को जाता है। चंदे की इस व्यवस्था को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी सर्वोच्च अदालत अभी यह तय नहीं कर पाई है कि इसे सुनवाई के लिए संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं। सो, चाहे चुनाव में इस्तेमाल होने वाले राजनीतिक मुद्दे हों या चुनाव लड़ने के लिए संसाधन जुटाने का मामला हो, सब कुछ कानून के हाथ में है और विपक्ष बेचारा बना हुआ है।

अजीत द्विवेदी


## मिला जुला

# अब पानी पर भी दौड़ेगी मेट्रो, पीएम मोदी 25 अप्रैल को केरल में करेंगे उद्घाटन

यह मेट्रो दूसरी मेट्रो से काफी अलग होगी. दूसरी मेट्रो पटरियों पर चलती हैं, लेकिन यह पानी पर चलेगी. इसका उद्घाटन केरल के कोच्चि में होने जा रहा है.








*बंदरगाह शहर में 1,136.83 करोड़ रुपये की लागत से कोच्चि वाटर मेट्रो का निर्माण किया गया है. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसे राज्य का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' करार दिया है.*

*कोच्चि केरल में सबसे घनी आबादी वाले जिलों में से एक है और इस तरह यातायात की भीड़ को कम करने और कोच्चि झील के किनारे आसानी से पहुंचने के लिए परिवहन के नए तरीके की परिकल्पना की गई है.*

*वाटर मेट्रो परियोजना 78 किमी तक फैली है और 15 मार्गों से होती हुई जाएगी. यह परियोजना आधुनिक, ऊर्जा कुशल, पर्यावरण के अनुकूल होगी और यात्रियों के अनुभव को बढ़ाएगी.*

*यात्री कोच्चि 1 कार्ड का इस्तेमाल करके कोच्चि मेट्रो और वाटर मेट्रो दोनों में यात्रा कर सकते हैं. कोई भी टिकट डिजिटल रूप से बुक कर सकता है.*

*कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना से एक लाख से ज्यादा द्वीपवासियों को लाभ होगा. परियोजना कमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट और टूरिस्ट आधारित पहलों के माध्यम से आजीविका में सुधार करेगी.*

## एक नजर

### तापमान 40 डिग्री पार! बारिश के आसार



**राजधानी** समेत देश के कई राज्यों ?में बारिश हुई, जिसके चलते लोगों को पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है. दिल्ली और इसके आसपास के कुछ इलाकों में शनिवार (22 अप्रैल) शाम बारिश हुई जिसके बाद मौसम सुहाना हो गया. साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है. आईएमडी से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार (23 अप्रैल) को देश के ज्यादातर राज्यों में बारिश हो सकती है. इसके अलावा विभाग के अपडेट के अनुसार अगले पांच दिनों तक देश में लू चलने के कम आसार है. इसके अलावा दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है. मौसम विभाग के अनुसार नरवाना, करनाल, फतेहाबाद, पानीपत, आदमपुर, हिसार, गोहाना, के आस-पास के इलाकों बारिश के साथ 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. इसके अलावा जयपुर के चुरू, नागौर, हनुमानगढ़, झुंझुनू जिलों और आसपास के क्षेत्रों मे भी कहीं-कहीं पर 20-30 चद्वश्चद्ध की रफ्तार से तेज हवा और हल्की बारिश होने के अनुमान है. आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और केरल में भी अगले पांच दिनों के दौरान हल्की बारिश के आसार है.

# अमृतपाल की गिरफ्तारी पर बठिंडा में पुलिस का फ्लैग मार्च

## आप बोली- नहीं भंग होने देंगे राज्य की शांति

चंडीगढ़. खालिस्तान समर्थक और भगोड़े अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है. पंजाब पुलिस ने मोगा गुरुद्वारे से उसे गिरफ्तार किया गया है. पंजाब पुलिस की ओर से ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गई है. वह कई दिनों से फरार चल रहा था.



**पहले** कहा जा रहा था कि अमृतपाल सिंह ने मोगा पुलिस के सामने देर रात सरेंडर किया है, लेकिन बाद में पंजाब पुलिस ने बताया कि अमृतपाल को गिरफ्तार किया गया है. उसे मोगा के रोड़ेवाल गुरुद्वारे से पकड़ा गया है, जहां उसे पुलिस उसे अमृतसर ले गई है. अमृतपाल को पंजाब पुलिस असम के डिब्रूगढ़ लेकर निकल गई है. उसे बठिंडा एयरपोर्ट से स्पेशल प्लेन से डिब्रूगढ़ लाया जा रहा है. बठिंडा एयरपोर्ट पर ही उसका मेडिकल चेकअप हुआ है.

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अमृतपाल की गिरफ्तारी पर ट्वीट कर कहा कि आप सरकार किसी भी हालत में पंजाब में शांति भंग नहीं होने देगी. संजय सिंह ने ट्वीट किया, 'पंजाब की 'आप' सरकार किसी भी हालत में पंजाब की शांति भंग नहीं होने देगी. लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है. हमने दिखा दिया कि ज़रूरत पड़ने पर लोगों के लिए हम सख़्त से सख़्त कदम लेने की भी हिम्मत रखते हैं. सब लोग शांति बनाये रखें.'

### अमृतपाल की गिरफ्तारी पर क्या बोली पंजाब पुलिस?

पंजाब पुलिस के आईजी सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि आज सुबह पौने सात बजे अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया. हमें इंटेलिजेंस मिला था कि वह गुरुद्वारा के अंदर मौजूद है, जिसके बाद पंजाब पुलिस और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन में हमने पूरे गांव को घेर लिया था. हमने गुरुद्वारे की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया. अमृतपाल की गिरफ्तारी एनएसए के तहत हुई है.

# सेना के ट्रक पर स्टिकी बम से हुआ था हमला

**आतंकियों ने AK-47 से की थी 36 राउंड फायरिंग, 2 ग्रेनेड भी दागे**



*__पुंछ__ जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुए आतंकी हमले में बड़ी जानकारी सामने आई है. आतंकियों ने सेना के ट्रक को उड़ाने के लिए स्टिकी बम का इस्तेमाल किया था, जिसके सबूत मिले हैं सेना की गाड़ी पर बम प्लांट करने के बाद आतंकियों ने की करीब 36 राउंड फायरिंग की थी. नापाक वारदात को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन तेजी से जारी है. वहीं पुंछ में आतंकी हमले के सिलसिले में कुल 5 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. द टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादियों को खोजने के लिए ड्रोन, खोजी कुत्तों और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है.*

# वर्ल्ड बैंक के लॉजिस्टिक परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत की जबरदस्त छलांग, पीएम मोदी ने जताई खुशी




**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड बैंक के लॉजिस्टिक परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत के 16 स्थानों की शानदार छलांग पर खुशी जाहिर की है. प्रधानमंत्री मोदी ने इसे एक उत्साहजनक प्रवृत्ति बताया है. उन्होंने कहा कि ये हमारी सरकार के सुधारों के जरिये हुआ है और इसका फोकस लॉजिस्टिक के बुनियादी ढांचे में सुधार पर है. पीएम मोदी ने कहा कि लॉजिस्टिक के बुनियादी ढांचे में हासिल ये लाभ लागत कम करेंगे और हमारे कारोबार को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएंगे. गौरतलब है कि विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत 38वें स्थान पर पहुंच गया है.

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करके भारत की वर्ल्ड बैंक के लॉजिस्टिक परफॉर्मेंस इंडेक्स हुई प्रगति पर अपनी खुशी जाहिर की.

# सूडान में फंसे कुछ भारतीयों को निकाला गया, जयशंकर के अनुरोध पर सऊदी ने की मदद

**हिंसा** प्रभावित सूडान से कुछ भारतीय सुरक्षित सऊदी अरब पहुंच गए हैं। हालांकि इनकी सटीक संख्या अभी नहीं पता चली है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि उसने सूडान से अपने और मित्र देशों के कुछ नागरिकों को बाहर निकाला है। इनमें कई राजनयिक भी हैं। बयान के अनुसार सऊदी अरब के 91 जबकि मित्र देशों के 66 नागरिक सुरक्षित निकाले गए हैं। इ



# गांव-गांव जन चौपाल बस्तर बेटा नवनीत पहुंचे नकट्टी सेमरा और कुरन्दी 2 ,उमड़े ग्रामीण आदिवासी

ग्रामीणों की आवाज बुलंद करते हुए नवनीत ने कहा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत एवं स्थानीय विधायक की उदासीनता से बढ़ी समस्याएं

**जगदलपुर** । विकास के जय-जय के साथ सुविधा सुविधा को समझने एवं लोगों की सुधि लेने जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष6 एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद पदाधिकारियों के साथ कल रात्रि नकट्टी सेमरा गुरंदी दो ग्राम पंचायत पहुंचे। जहां जन चौपाल लगाकर ग्राम वासियों के साथ खुलकर चर्चा हुई लोगों ने अपनी समस्याओं और सुविधाओं को नवनीत एवं पदाधिकारियों के समक्ष रखी। जनता कांग्रेस एवं मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी गौर से ग्रामीणों के समस्याओं को सुना एवं उनका हालचाल जाना। उक्त जन संवाद की जानकारी देते हुए अजय बघेल/संतु मौर्य/कुंती नाग/किरण नाग/संजय मंडल/धनसिंह बघेल/ओम मरकाम ने सँयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि- बस्तर बेटा नवनीत चांद के नेतृत्व में जनता कांग्रेस में मुक्ति मोर्चा के जन चौपाल को लेकर बस्तर के कोने-कोने में उत्साह और ग्रामीण आदिवासी बड़ी संख्या में हर मौसम में दिन हो या रात जन चौपाल में जुट रहे हैं।




### बस्तर के ग्राम पंचायतों में समस्याओं का अंबार ,चमचमाते सरकारी फूड प्रोसेसिंग प्लांट के पीछे बसे ग्राम पंचायत गड्ढों से भरे –नवनीत

नवनीत ने जनसमस्याओं को मुखर करते हुए उप जन चौपाल में कहा है कि चमचमाते सरकारी फूड प्रोसेसिंग प्लांट के पीछे बसे ग्राम पंचायत गड्ढों से भरे सड़क में तब्दील हो गया है , 10 वर्षो से भाजपा और कांग्रेस की सरकारों और विभागीय जिम्मेदारों से समाधान की गुहार लगाते हुए ग्रामीण त्रस्त हो गए है। क्षेत्रीय विधायक जनता से लगाव का ढोंग करने में व्यस्त है क्षेत्र वाशियो की समस्यायों से क्षेत्रीय विधायक और विभागीय




जिम्मेदारों को कोई लेना देना नही यह जनचौपाल में उन्होंने कहा कि पंचायत के सरकारी जमीन एवं वर्षों से काबिज ग्राम वासियों की भूमियों विभागीय जिम्मेदारों की मिलीभगत एवं क्षेत्रीय विधायक की उदासीनता के चलते भू माफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीनों पर अवैध कब्जा का खेल खेला जा रहा है ग्रामीणों की शिकायतें सुनने वाला कोई नहीं है आखिर कब तक चलेगा ?जन चौपाल में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारियों के रूप में अजय बघेल,कुंती नाग,ओम मरकाम,धनसिग बघेल,किरण नाग,संजय मंडल,संतु मौर्य आधी कार्यकर्ता एवं बहुतायत की सख्या में ग्राम वाशी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय विधायक संतराम नेताम ने फरसगांव क्षेत्र में अलग अलग विकास कार्यो का भूमिपूजन

लगभग 18 करोड़ की लागत से क्षेत्र में होंगे विकास कार्य

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिरसीकलार में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा किया गया । ग्राम पंचायत सिरसीकलार के ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का मादरी नृत्य के साथ स्वागत किया गया । विधायक संत नेताम ने सिरसीकलार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री सड़क योजना सिरसीकलार से मालाकोट मार्ग के आर.डी 1600 मी पर वृहद पुल निर्माण कार्य लागत 603.17 लाख रुपए एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री सड़क योजना सिरसीकलार से मालाकोट मार्ग के आर.डी 13800 मी पर वृहद पुल निर्माण कार्य लागत 406.86 लाख रुपए और वन विभाग स्वीकृति केम्पा योजना अंतर्गत सिरसीकलार में दो परकोलेशन टैंक और दो चेक डेम निर्माण लागत 44.61 लाख रुपय के निर्माण कार्यों का




भूमिपूजन किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संतराम नेताम ने कहा की छत्तीसगढ़ में गांव के किसान का बेटा मुख्यमंत्री बना है जो हमेशा किसानों मजदूरों के हित के बारे में सोचते हैं। और उन्हीं के आर्थिक दशा को मजबूत करने के कार्य में लगे हैं। योजनाओं लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों से की है । राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है और हमें सभी अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए बताया कि आपके नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश को विकास की दृष्टि से एक नई ऊंचाई मिलेगी।

## ट्रेलर के चपेट में आकर एक्टिवा चकनाचूर, मां-बेटे बाल-बाल बचे

**कोरबा** । तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए एक ट्रेलर चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जहां वाहन चकनाचूर हो गया वहीं उसमें सवार मां-बेटे बाल-बाल बच गए। कोयला परिवहन में लगे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 0824 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दीपका थाना के सामने होटल-ढाबे के पीछे से गुजरी हरदीबाजार मार्ग में सुबह करीब 7 बजे एक एक्टिवा सवार महिला और उसके बेटे को चपेट में ले लिया। हादसे में जहां एक्टिवा पूरी तरह चकनाचूर हो गई, वहीं दैवयोग से महिला और उसका पुत्र इस हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस तरह से ट्रेलर के पहिए में एक्टिवा फंस गया, उससे हादसे की भयावहता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जरा सी भी चूक होती तो महिला व उसका बेटा का क्या होता। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन दीपका थाना के सामने हरदीबाजार मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती है और जाम लगा रहता है। जाम से ट्रकों के चालक तो परेशान होते ही हैं, आम जनता को अपने दफ्तर-दुकान, कामकाज के सिलसिले में जाने-आने, स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कतें जाम के कारण होती है। यहां सड़क के किनारे दोपहिया वाहनों के आवागमन के लिए डिवाइडर बनाया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ताहीन होने के कारण थोड़ी सी ठोकर लगने से ही टूट जा रहे हैं।

## सीईओ ने किया पंचायतों का भ्रमण

विकास कार्यों का लिया जायजा



**दंतेवाडा।** जिला पंचायत सीईओ श्री ललितादित्य नीलम के द्वारा ग्राम पंचायत हलबरास, पालनार, अरनपुर,गढ़मिरी में निरीक्षण किया गया इस दौरान पंचायत में मनरेगा कार्य, स्वच्छ भारत मिशन के कार्य एवम् सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया जिला पंचायत सीईओ ने चल रहे कार्य में धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए एवम् अपूर्ण कार्य को पूर्ण करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए । निरिक्षण के दौरान भ्रमण कर गांव के लोगो से आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पेय जल एवम् अन्य समस्या पर चर्चा कर सबंधितो को आवश्यक निर्देश भी दिए ।

## बहला-फुसला कर नाबालिक युवती को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

**फरसगांव,** विश्रामपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत में नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। नाबालिग को बहला-फुसलाकर दो माह पहले अपने साथ राजस्थान ले गये आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार ।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 15 फरवरी को प्रार्थी थाना विश्रामपुरी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी की सुबह उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसला कर भगाकर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 11 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना की जा रही थी।




जांच के दौरान अपहृत बालिका एवं आरोपी का लोकेशन राजस्थान में पता चलने पर टीम गठित कर राजस्थान रवाना किया गया। जहाँ 19 अप्रैल को अपहृता नाबालिक को आरोपी रविनाथ योगी पिता भेरूलाल योगी 21 निवासी चैमेला कुंडला रोड़ जिला झालावाड़, राजस्थान से उसके घर से बरामद कर अपहृता नाबालिक लड़की एवं उसकी मां के कथन पर आरोपी रविनाथ योगी के खिलाफ धारा 366, 376, 376 (2) (ढ) भादवि. 06 पाक्सो एक्ट धारा जोड़कर गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय कोण्ड़ागांव में पेश कर न्यायालय के आदेश जेल भेजा गया । संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुरी निरीक्षक रवि शंकर ध्रुव, सहायक उपनिरीक्षक नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक संतराम नायक, महिला आरक्षक चींतामणी शोरी, एवं आरक्षक चैतराम मरकाम की सराहनीय सराहनीय भूमिका रही ।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत काउंसलिंग का आयोजन

**दंतेवाडा।** लाइवलीहुड कॉलेज कारली दंतेवाड़ा में वित्तीय वर्ष 2023-24 मे मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गतअसिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर,कंप्यूटर ऑपरेटर,टैक्सी ड्राइवर,प्लंबर,फील्ड टेक्नीशियन प्यूरीफायर मे निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण संचालित किया जाना है।जिस हेतु काउंसलिंग आयोजित किया जा रहा है, इच्छुक उम्मीदवार अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, 10वीं-12वीं मार्कशीट फोटोकॉपी के साथ निर्धारित स्थानों पर समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होवे ।जनपद कार्यालय कुवाकोंडा में 24 अप्रैल ,सीएमओ कार्यालय बारसूर में 26 अप्रैल, सीएमओ कार्यालय बचेली में 27 अप्रैल, जनपद कार्यालय कटेकल्याणमें 28 अप्रैल एवम लाइवलीहुड कॉलेज, कारली दंतेवाड़ा 29 अप्रैल को काउंसलिंग आयोजित किया जा रहा है जिसमे अधिक अधिक लोग पहुंच अवसर का लाभ उठाएं।

### कोहकाअंतर्गत मुरझर ग्राम में हमर बेटी, हमर मान कार्यक्रम आयोजित





**मोहला मानपुर।** आज दिनांक 23/04/23 को थाना कोहका क्षेत्रांतर्गत नक्सल अति संवेदनशील ग्राम मुरझर में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री वाय अक्षय कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुपलेश कुमार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर श्री मयंक तिवारी के दिशा निर्देश पर जन चौपाल लगाकर सरपंच ग्राम पंचायत कंदारी श्रीमति शैलेंद्री बाई मांडवी एवम ग्राम पटेल मंगूराम मरकाम की उपस्थिति में ग्राम मुरझर के ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना हमर बेटी हमर मान अंतर्गत जानकारी दी गई तथा गुड टच बैड टच पॉक्सो एक्ट शरीर संबंधी अपराध अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप, नारकोटिक्स ड्रग्स, शराब सेवन के बुरे प्रभाव के बारे में तथा साइबर संबंधी होने वाले अपराधों,एटीएम फ्रॉड के बारे में एवम यातायात नियमों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में और भविष्य में निकलने वाली सरकारी नौकरी अन्य वेकेंसी के बारे में जानकारी दी गई ।

### हत्या, आगजनी व आईईडी विस्फोट में शामिल तीन नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर** । जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना ओरछा एवं थाना छोटेडोगर से डीआरजी, जिला पुलिस बल, छ.स.बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त टीम रवाना हुई थी, अभियान के दौरान ओरछा मार्ग को अवरूद्ध करने हत्या, आगजनी एवं पुलिस पार्टी को नुकसान पंहुचाने की नीयत से आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल नक्सलियों के 03 तुरूषमेटा जनमिलिशिया सदस्य 01. कट्टा राम उर्फ संदीप कोर्राम निवासी बडे तोंडेबेड़ा ,02. शंकर दर्रो निवासी तुरूषमेटा, 03. सीताराम सोरी निवासी तुरूषमेटा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ करने पर जो अपने आप को नेलनार एरिया कमेटी का सक्रिय नक्सली होना बताये। नक्सली कट्टा उर्फ संदीप जो टोंडेबेड़ा पंचायत अन्तर्गत जनमिलिशिया कमाण्डर के साथ 04 मार्च 2023 एवं 19 मार्च 2023 को धनोरा और ओरछा के मध्य बटुमपारा में पेड़ काटकर रोड खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल होना बताया तथा नक्सली शंकर दर्रो एवं सीताराम सोरी से पूछताछ पर बतायें कि ये लोग तुरूषमेटा के जनमिलिशिया सदस्य हैं।

### बस्तर जिले में अक्षय तृतीया पर नहीं मिली एक भी बाल विवाह की सूचना

**जगदलपुर** । अक्षय तृतीया के समय बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर के निर्देश पर जिला टॉस्क फोर्स कमेटी गठित की गई। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह की सूचना नहीं मिली है, वहीं पिछले वर्ष जिले में 04 बाल विवाह को रोका गया था।

कमेटी के सदस्य डॉ. विजय शर्मा ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए जिले के थाना प्रभारियों, परियोजना अधिकारी, संगठन के अध्यक्षों, आर्य समाज, डीइओ, एसडीएम, निगम के आयुक्त, तहसीलदार, सीइओ आदि को पत्र भेजाकर विवाह में दुल्हन एवं दुल्हा के प्रमाण पत्र देने कहा गया है।

## विधायक सन्त नेताम ने फरसगांव में 148 हितग्राहियों को बांटा वन अधिकार मान्यता पत्र

42 बेरोजगार युवाओं को मिला पात्रता प्रमाण पत्र

**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों को अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन अधिकार मान्यता पत्र का वितरण किया गया । फरसगांव में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा फरसगांव विकासखंड के कुल 148 हितग्राहियों को वन अधिकारी मान्यता पत्र बांटा गया है जिसमे नगर पंचायत फरसगांव में नगरीय व्यक्तिगत वन पत्र अधिकार पत्र 40, जनपद पंचायत फरसगांव के देव गुड़ी माता गुड़ी सामुदायिक वन अधिकार पत्र 97 हितग्राही लाभान्वित हुए और जनपद पंचायत फरसगांव वन अधिकार पत्र 11 वितरण किया गया इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम



नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी एवं परंपरागत निवासियों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए पहल की गई है यह सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि बस्तर के सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री से मांग किया था कि जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों को अधिकार पत्र दिया जाए। परिणामस्वरूप बस्तर के निवासियों की जल जंगल जमीन की मांग पूरी हुई है। पूरे प्रदेश में कोंडागांव जिले के सर्वाधिक हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र बांटा गया है साथ ही जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत 37 बेरोजगार युवाओं को और फरसगांव नगर पंचायत क्षेत्र के 5 बेरोजगार युवाओ को पात्रता प्रणाम पत्र वितरण किया गया ।

# फरसगांव में 10 बिस्तर आईसुलेसन वार्ड का विधायक संत ने किया लोकार्पण

**फरसगांव।** छग विधानसभा उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में 10 बिस्तर आईसुलेसन वार्ड का लोकार्पण किया विधायक संतराम नेताम ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा । फरसगांव क्षेत्र वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में 37.28.00 लाख लागत से बने 10 बिस्तर आईसुलेसन वार्ड की विधायक संत नेताम ने सौगात दी और कहा की कोंडागांवजिले के अलग अलग क्षेत्रो से मरीज ईलाज के लिए फरसगांव पहुंचते है आज से 10 बिस्तर आईसुलेसन वार्ड की सुविधा का लाभ सभी को प्राप्त होगा ।



### विधायक की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में विधायक संतराम नेताम के अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई विधायक ने बैठक एजेंडा पर विशेष चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 2022-23 2023-24 के आय व्यय की जानकारी ली । बैठक में ओपीडी भवन तथा लैब के सामने शेड निर्माण कार्य, एक्स-रे रूम हेतु एक्स-रे सामग्री एवं डार्क रुम निर्माण, अस्पताल में लैब जांच एवं चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यकतानुसार लैब रिजेंट एवं कन्ज्यूनेबल का क्रय करने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर की जानकारी विधायक के द्वारा ली गई । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं नहीं होने की बात पर चिंतन किया गया, उक्त सुविधाएं नहीं होने के कारण मरीजों को सोनोग्राफी के लिए कोंडागांव शहर जाना पड़ता है जिससे अत्यधिक खर्चों का सामना मरीजो एवं उनके परिजनों को करना पड़ता है, इसलिए विधायक ने जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा प्रदान करने का सुझाव दिए ।



# नटवर स्कूल में हुआ दूसरे ज्ञान मॉक टेस्ट का आयोजन, 267 विद्यार्थी हुए शामिल

## जिला प्रशासन की विशेष पहल, जिले के युवाओं को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले के युवाओं में लगन और प्रतिभा को देखते हुए उन्हें उचित अवसर और एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन पर पीएससी, आईएएस एवं व्यापम परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ की जा रही है। जिसके लिए आज पूर्वान्ह 11 बजे नटवर स्कूल रायगढ़ में दूसरे मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि आज हुए मॉक टेस्ट में कुल 267 विद्यार्थी शामिल हुए। 100 नंबर का पेपर था, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे गये थे। टेस्ट एक घंटे तक चला। विगत दिवस 16 अप्रैल को भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया था। इस तरह दोनों मॉक टेस्ट में प्राप्त उच्चतम अंकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों का चयन मेरिट अंको के आधार पर किया जायेगा। चयनित छात्रों को जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। मॉक टेस्ट में सीजी पीएससी एवं व्यापम परीक्षा के सिलेबस से प्रश्न पूछे गये थे। माक टेस्ट का मॉडल आंसर जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर अपलोड की गई है। इस संबंध में किसी भी परीक्षार्थी को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे 25 अप्रैल 2023 शाम 5 बजे तक जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायगढ़ में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, एपीसी भुनेश्वर पटेल एवं भूपेन्द्र पटेल, संस्था प्राचार्य रूबी वर्गीस एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

### ये है मॉडल ऑसर

(1)लोहा, (2)बाणभट्ट, (3)आगरा दिल्ली पर अधिकार करने के उपलक्ष्य में, (4) आठ तेलुगू कवि, (5) तात्या टोपे, (6)जवाहर लाल नेहरु, (7) किचलु और सत्यपाल के बंदी बनाये जाने के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए, (8) प्रान्तों में दोहरा शासन, (9)आयरलैंड, (10)जूनागढ़, हैदराबाद एवं जम्मू-कश्मीर, (11)अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, (12)1,2,3, (13) कथन 1 और 2, (14) दादा भाई नौरोजी, (15)वित्त मंत्रालय, (16)जेम्स विल्सन (17) LIGHT AMPLIFICATION BY STIMULATED EMISSION OF RADIATION, (18)एलुमिनियम, (19) साइटोकाईनिन, (20)एंड्रीनेलिन, (21)सभी सही हैं, (22)एस.चन्द्रशेखर, (23)ओमान की खाड़ी, (24)मणिपुर, असम, (25) 3,167, (26) 1, 2 एवं 3 सही है, (27)जगदलपुर, (28) बलरामपुर, (29)1 मई, (30)श्री मोहन शुक्ल, (31) केवल 1, (32)बघेलखण्ड पठार, (33) छत्तीसगढ़ में मानसून बंगाल की खाड़ी से आता है, (34)खैरागढ़, (35)मनियारी, (36)मलाजकुंडम जलप्रपात, (37)केलो सिंचाई परियोजना, (38)खुरसेल घाटी, (39)बारनवापारा अभ्यारण्य, (40)मिनीमाता जल विद्युत परियोजना, (41)दुर्ग, (42)कान, (43)रायगढ़, (44)कल्याणसाय, (45)ठाकुर प्यारेलाल सिंह, (46) राजा ललित सिंह, (47)मुनगा, (48)छिपकली, (49)सभी सत्य हैं एवं (50)केवल 1 और 2 है।



# समाचार सार

## भाजपा अजजा मोर्चा ने लगाया तेंदूपत्ता फड़ों में जन चौपाल



**दंतेवाडा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा तेंदूपत्ता हितग्राहियों के मांग को लेकर बारसूर मण्डल के अन्तर्गत बड़े बारसूर समिति व गीदम मंडल अंतर्गत गीदम समिति के हिरानार फड़ खरीदी केन्द्र (तेंदूपत्ता फड़) में हितग्राहियों के बीच जनचौपल लगा कर उनकी आवाज बुलंद की।

उक्त कार्यक्रम में अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी एवम अन्य पदाधिकारियों ने भूपेश सरकार पर जम कर हल्ला बोला। कार्यक्रम में भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी ने फड़ मुंशी, प्रबंधक एवम हितग्राहियों की समस्या को लेकर सरकार के सामने कई मांगे रखी।उन्होंने चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि,भूपेश बघेल सरकार को जन घोषण पत्र में किये वादे के अनुसार फड़मुंशियो को वार्षिक ?12000 तेंदूपत्ता प्रबंधको को तृतीयवर्ग कर्मचारियों का दर्जा तत्काल दिया जाना चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम आटामी ने कहा पूर्व भाजपा की सरकार की तरह बोनस ,साड़ी, चारणपादुका, जीवन बीमा दिया जाना चाहिए।

अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मुन्ना मरकाम ने कहा तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को छात्रवृत्ति,तेंदूपत्ता खरीदी दिवस की संख्या15 दिवस हो,सहित कई मांगो को पूरा करना चाहिए।

अन्यथा भाजपा सड़क की लड़ाई लड़ने को भी तैयार है।कार्यक्रम में अजजा मोर्चा जिला प्रभारी नंदकोशोर राणा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान आगामी 3 मई को रेंजर कार्यालय घेराव हेतु सभी हितग्राहियो से चर्चा कर रणनीति तय की गई।नेताओं ने मांगे पूरी न होने तक संघर्ष का वादा हितग्राहियों से किया।

*तेंदूपत्ता जनचौपाल के दौरान भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी,भाजपा जिलाअध्यक्ष चैतराम अटामी,के साथ साथ जिला प्रभारी नंदकिशोर राणा, अजजा जिला अध्यक्ष मुन्ना मरकाम, मंडल अध्यक्ष बारसूर भुनेश्वर भारद्वाज,*

*अजाज मण्डल अध्यक्ष गीदम मासाराम लेकाम, सुमित भदौरिया, जशवीर नेगी, मुकेश बोईर, अविनाश नायर,मयंक यादव, रामकृष्ण रेड्डी, राजेश नाग, महेंद्र पुजारी,जुमरू राम वेक, बालसिंग ताती, गोदरू राम लेकाम, गडरू कश्यप सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।*

## पंचायतों को दी जाने वाली परब निधि छलावा : चोपड़ा

**महासमुंद** । पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने एक विज्ञप्ति में प्रदेश के प्रत्येक पंचायतों को परब निधि के नाम से प्रत्येक पंचायत को दी जाने वाली दस हजार की निधि को छलावा बताते हुए इसे कांग्रेस पार्टी का फंड बताया है, जो विधायक, मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेताओं के स्वागत एवं आवभगत में खर्च होगा। जिस प्रकार गौठान एवं राजीव मितान क्लब का कांग्रेसीकरण कर दिया गया है। प्राप्त राशि में कांग्रेस के नेताओं में बंदरबांट होना तय है। छत्तीसगढ़िया पर्व के नाम पर कांग्रेस के नेताओं को उपकृत करना छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अपमान है। लगातार देखने में आ रहा है कि कांग्रेस की सरकार द्वारा सरकारी खजाने की लूट कांग्रेस पार्टी को लाभ देने के लिए की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री इन सब योजनाओं को लागू कर कांग्रेस के नेताओं को उपकृत कर छत्तीसगढ़ के खजानों को लुटा रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने रायपुर के गुढ़ियारी में मुख्यमंत्री की भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में राशन कार्ड के संबंध में यह कहना है कि केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा, हास्यस्पद है। प्रधानमंत्री आवास की मांग पर मुख्यमंत्री अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल पूरी करते हैं। पर राशन कार्ड जैसी छोटी मांगों को लेकर केन्द्र को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री का यह बनावटी पन उस सभा में उसी समय उजागर हो गया, जब जनता ने मोदी-मोदी के नारे लगाना प्रारंभ कर दिया।

## कोटवार को हटाएं अन्यथा नेशनल हाइवे पर करेंगे चक्काजाम

**महासमुंद** । ग्राम चिरको के ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा से मुलाकात कर स्थानीय कोटवार दूधनाथ कुर्रे के बारे में बताया कि कोटवार विगत कई वर्षों से अपने पद का दुरुपयोग कर गांव में अशांति फैला रहा है। चौक-चौराहों पर अतिक्रमण करना, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, जाति का धौंस दिखाकर लोगों को डराना, धमकाना जैसे अनेक कृत्यों से ग्रामवासी परेशान हैं। ग्रामवासियों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की है। मांग को लेकर पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन दिया गया है।

## चाकू मारकर ऑटो चालक की हत्या, पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को दिया अंजाम

**धमतरी** । छत्तीसगढ़ के धमतरी में शुक्रवार की रात एक ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है. मृतक योगेश नेताम ऑटो चालक था और उसका मोहल्ले के कुछ युवकों से रंजिश थी. पहले भी इन दोनों के बीच मारपीट हो चुकी थी, लेकिन शुक्रवार की रात 9 बजे फिर से दोनों पक्षो के बीच विवाद हुआ और 10-15 युवकों ने योगेश पर हथियार से हमला कर दिया. योगेश नेताम को फौरन स्थानीय अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी जान नही बचाई जा सकी।

शहर के मकेश्वर वार्ड ऑडिटोरियम के पीछे रहने वाला युवक योगेश नेताम का किसी बात को लेकर किसी कुख्यात बदमाश के साथ विवाद हो गया. महिमा सागर वार्ड स्थित मैला गड्ढा शराब दुकान के पास हुए विवाद के बाद यह बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उनमें हाथापाई हो गई. इसके बाद किसी तरह युवक योगेश नेताम वहां से निकल गया. उसके पीछे युवकों की टोली पीछा करते हुए आ गई और कारगिल उद्यान के पास योगेश को घेर लिया. इसके बाद युवकों ने अपने पास रखे धारदार हथियार बटंची चाकू आदि से उस पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया. हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## छत्तीसगढ़ी तीज-त्योहार, संस्कृति व परंपरा का अब होगा संरक्षण : कृष्णा

**महासमुंद** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के मान सम्मान में सामुदायिक विकासखंडों की 6,111 ग्राम पंचायतों में छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि योजना शुरू किए जाने पर नपाउपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी तीज, त्यौहार, संस्कृति व परंपरा संरक्षण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों को दो किश्तों में 10-10 हजार रुपये देना मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी लोगों की भावनाओं के अनुरूप नई और अनूठी पहल है। नपा उपाध्यक्ष चंद्राकर ने गुरुवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुरू की गई मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना शुरू करने पर कहा कि छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ लोगों को एक नई पहचान दी है। चंद्राकर ने कहा कि इस सम्मान निधि से ग्रामीण अपने छत्तीसगढ़ी तीज त्योहार, संस्कृति व परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी बेहतर तरीके से सहज कर रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सरपंच (अध्यक्ष), पुजारी, बैगा, ग्राम के 2 बुजुर्ग, दो महिला, कोटवार, पटेल व सचिव सदस्य के रूप शामिल रहेंगे।

# ठगी की शिकार महिला ने दी जान: केबीसी में लॉटरी का दिया था झांसा; बिहार से 7 गिरफ्तार, मिला पाकिस्तानी कनेक्शन

अंबिकापुर । अंबिकापुर में ठगी की शिकार एक महिला ने खुदकुशी कर ली। उससे केबीसी में 25 लाख की लॉटरी लगने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी की गई थी।



पुलिस ने इस मामले में बिहार से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क सामने आया है। जांच में पता चला है पाकिस्तान और नेपाल से ठग वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसके लिए भारत में ही कुछ लोगों के जरिए यह पूरा नेटवर्क चल रहा है। फिलहाल सीतापुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 25 लाख की लॉटरी जीतने का दिया था झांसा

सरगुजा एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि लिचिरमा निवासी सेवंती पैंकरा (45) पत्नी स्व. मानिकचंद ने करीब एक माह पहले 23 मार्च को पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान पता चला कि उसके मोबाइल में कुछ दिनों पहले एक युवक ने केबीसी के नाम पर फोन कर 25 लाख रुपये की लॉटरी लगने का झांसा दिया था। महिला जब उसके झांसे में आ गई तो प्रोसेसिंग फीस के रूप में कुछ राशि जमा कराने के लिए कहा। महिला ने पैसे डाले तो युवक बार-बार फोन कर मांगने लगा।

किस्तों में रुपये कराए ट्रांसफर

यह भी सामने आया कि 23 मार्च को सेंवती के पास फोन आया कि 15 हजार डालते ही खाते में 25 लाख ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। इस पर महिला अपनी बहू के साथ ग्रामीण बैंक पहुंची और 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ही लॉटरी की रकम उसके खाते में नहीं आई। इसके चलते वह काफी परेशान हो गई। ठगों ने थोड़ा-थोड़ा कर उससे डेढ़ लाख रुपये ठग लिए थे। इसी परेशानी में सेंवती पैंकरा ने पुल के ऊपर से कूदकर अपनी जान दे दी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंची।

### विशेष टीम ने सात को किया गिरफ्तार

ठगी कि रकम से जिन-जिन खातों में राशि का ट्रांसजेक्शन हुआ था, उन खातों के संबंध मे संबंधित खाता धारकों का केवाईसी डिटेल और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर विशेष टीम ने प्राप्त कर मामले की जानकारी ली। पैसों का ट्रांजेक्शन बिहार के पूर्णिया, कटिहार और आरा में होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने मनमोहन उर्फ मनीष मंडल, प्रदुमन कुमार सिंह, चक्रवर्ती आनंद, वलिउआल रियाज, शिवेन्द्र कुमार, आशीष मंडल और मो0 साहीद आलम को गिरफ्तार कर लिया। इसके मास्टरमाइंड शिवेंद्र कुमार व वलिउल्लाह बताए गए हैं।

### आईपी एड्रेस से मिला पाकिस्तान कनेक्शन

*एसपी ने बताया कि विवेचना में सेवती से जिन व्यक्तियों से बात हुई उनके मोबाइल और व्हाट्सअप नंबर की जानकारी ली। मोबाइल नंबर का आईपी एड्रेस पकिस्तान का होना पाया गया। जांच में पता चला कि पाकिस्तान में बैठे ठग केबीसी में लाटरी लगने का झांसा देकर लोगों को शिकार बना रहे हैं। वे भारत में निचले तबके के लोगों का बैंक एकाउंट खुलवाकर स्वयं आनलाइन खाता आपरेट करते हैं। इसके एवज में वे यहां के लोगों को चार से 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है।*

## बॉलीबॉल फाइनल मैच राजपुर की टीम ने लडुआ टीम को मात देते हुए खिताब किया हासिल

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण बॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच राजपुर व लडुआ के मध्य खेला गया जिसमें राजपुर की टीम विजय रहा। प्रथम पुरस्कार 11000 हजार रूपए, शील्ड तथा द्वितीय पुरस्कार 7000 हजार शील्ड रहा, इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया था। ग्रामीण स्तर में यह प्रतियोगिता बहुत ही सराहनीय प्रयास रहा ग्रामीण दूर दराज से आए दर्शकों का तांता लगा रहा। हमारे कुसमी ब्लॉक में इस खेल को बचाए रखने के लिए बीच-बीच में प्रतियोगिता आयोजित करना चाहिए इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से उत्पल, योगेश, विवेक, अमित, अमर, गोलू, ताऊ विनोद, अभय, जगमोहन, अजीत, सौरभ कुमार, रेफरी दिलीप बड़ा, नईम खान, मधेश्वर बड़ाइक और समस्त जोंजोपरा समिति के सहयोग से यह प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 4 दिवसीय रहा जो की 19 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हुआ इस प्रतियोगिता के पश्चात अंतर जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी जल्द ही आयोजन किया जाएगा, जिससे हमारे ग्रामीण अंचल के बच्चे बॉलीबॉल सिख सके हजारों दर्शकों ने मैच का लुफ्त उठाया।

## कार्यकर्ताओं के दिलों में जीवित रहेंगे राजेश शर्मा-पवन साय

### पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा के निवास शोक व्यक्त करने पहुंची जिला भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के निवास पर आज जिला भाजपा शोक व्यक्त करने पहुंची। इस दौरान भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा भाजपा के कार्यकर्ताओं के दिलो में राजेश शर्मा सदैव जीवित रहेंगे। राजेश शर्मा के तैल चित्र में श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित करते हुए ओपी चौधरी ने राजेश शर्मा के योगदान को अविस्मरणीय बताया। रायगढ़ जिलाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित रहने का तरीका सिखाया। उनके आकस्मिक निधन पर भाजपा परिवार दुखी है। विधि के विधान के सामने नत्मस्तक होते हुए कहा भाजपा ने एक होनहार नेता खो दिया। राजेश शर्मा का निधन भाजपा परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। संगठन के कार्यों का उन्हें खासा अनुभव रहा। ओपी चौधरी ने शोक मग्न परिवार जनों से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। दुख की इस घड़ी में परिवार जनों के साथ खड़े होने की बात भी कही। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने रूंधे गले से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताया कि राजेश शर्मा के साथ संगठन में काम करने का लम्बा अनुभव रहा। पार्टी के लिए वे अनुशासित रहे। संगठन के लिए उनके तन मन धन का समर्पण भी अदभुत रहा। उमेश अग्रवाल ने कहा संगठन में उनका सदैव स्नेहपूर्वक मार्गदर्शन मिलता रहा। राजेश शर्मा के निधन को उमेश अग्रवाल ने अपूर्णीय राजनैतिक क्षति निरूपित किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्त गुरूपाल भल्ला व विवेक रंजन सिन्हा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बब्बल पांडेय, नगर अध्यक्ष मितेश शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब मेजर ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे विक्की कौशल

**प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने काफी समय पहले हॉकी के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की बायोपिक की घोषणा की थी। तब चर्चा थी कि इस फिल्म में ईशान खट्टर ध्यानचंद की भूमिका में नजर आएंगे। इसके बाद लंबे समय तक फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आया।**

अब चर्चा है कि फिल्म में विक्की कौशल ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे। विक्की इससे पहले भी कई बायोपिक और असल घटनाओं पर आधारित फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में विक्की मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, जब विक्की ने स्क्रिप्ट सुनी तो वह बहुत प्रभावित हुए। वह इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। दोनों के बीच बातचीत आगे बढ़ चुकी है। हालांकि, वे शूटिंग शेड्यूल और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही आधिकारिक निर्णय लेंगे। यह विक्की और रॉनी की चौथी साझेदारी होगी।

मेघना गुलजार की फिल्म राजी 2018 में आई थी। यह फिल्म भारतीय जासूस सहमत की कहानी थी, जिसका किरदार आलिया भट्ट ने निभाया था। फिल्म में आलिया के साथ विक्की भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। विक्की ने फिल्म में सहमत के शौहर और एक पाकिस्तानी सैन्य अफसर की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब कॉलिंग सहमत पर आधारित थी। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर



देख सकते हैं।

रणबीर कपूर स्टारर संजू 2018 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म दिग्गज अभिनेता संजय दत्त की बायोपिक है।

फिल्म में विक्की सहायक भूमिका में नजर आए थे। उन्होंने संजय के करीबी दोस्त कमली का किरदार निभाया था। कमली संजय की जिंदगी का अहम हिस्सा रहे हैं और हर उतार-चढ़ाव में उनका साथ दिया। विक्की के इस किरदार को निभाने के बाद हर कोई कमली के बारे में सर्च करने लगा था। संजू अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक 2019 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2016 में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है, जिसमें विक्की ने मुख्य भूमिका निभाई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह फिल्म देशभक्ति से सराबोर वॉर फिल्म है।

# श्रावणी में खलनायक की भूमिका निभाएंगी बिग बॉस 13 की आरती सिंह

**बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट रह चुकीं एक्ट्रेस आरती सिंह को नए शो श्रावणी में चंद्रा चाची की भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। आरती छोटे पर्दे पर पहली बार नकारात्मक भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। अपने इस किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि वह भूमिकाओं की सीमाओं को पार करना चाहती हैं और हर प्रोजेक्ट्स के साथ अपने फैंस को चौंकाना चाहती हैं।**



उन्होंने कहा, मैं अपने फैंस और खुद को उन किरदारों से हैरान करना चाहती हूं, जिन्हें मैं निभा रही हूं। मैं खुद को सिर्फ एक तरह के किरदार तक सीमित नहीं रखना चाहती। इसलिए मैं एक विलेन की भूमिका निभाने के लिए काफी एक्साइटिड हूं, यह मेरे लिए नई चुनौती है और मैं इसे निभाने में पूरी मेहनत करुंगी। श्रावणी रामायण के श्रवण कुमार के चरित्र से प्रेरित है, जो अपने नेत्रहीन माता-पिता के प्रति प्रेम और भक्ति के लिए जाने जाते हैं। इसी तरह, गौरिका शर्मा द्वारा अभिनीत शो की मुख्य पात्र श्रावणी अपने माता-पिता की देखभाल करती है जो दृष्टिबाधित हैं। आरती, जिन्हें थोड़ा है बस थोड़े की जरूरत है, परिचय और वारिस के लिए जाना जाता है, ने अपनी भूमिका और शो का हिस्सा बनने के अवसर के बारे में बात की।उन्होंने कहा, शो में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं निर्माताओं की आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि अपने प्रदर्शन के माध्यम से, मैं एक अभिनेता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हूं।श्रावणी का प्रसारण जल्द ही शेमारू उमंग पर होगा।



# रेड शिमरी आउटफिट में जैकलीन फर्नांडिस ने गिराई हुस्न की बिजलियां

## स्टाइलिश अंदाज पर फैंस हुए फिदा

**जैकलीन फर्नांडिस अपनी ग्लैमरस अदाओं और खूबसूरती से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस रेड कलर की शिमरी आउटफिट में गजब की बला लग रही हैं।**

*रेड कलर की शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। स्लीवलेस आउटफिट में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस अपना फ्लैट टमी फ्लॉन्ट कर रही हैं। रेड लिपस्टिक और ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का स्टाइलिस अंदाज फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी लेटेस्ट आउटफिट से फैंस के दिलों को बेताब कर रखा है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने इस लेटेस्ट आउटफिट में अपने कई किलर पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस की तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटाते हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, उनके इंस्टाग्राम पर 66.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं। जैकलीन फर्नांडिस इस आउटफिट को देखकर हर कोई हैरान रह गया। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। जैकलीन पिछले कुछ दिनों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसी हुई हैं। जिसको लेकर एक्ट्रेस के खिलाफ समन भी जारी हो चुका है।*

# लियो को पैन इंडिया नहीं करना चाहते थे विजय, मूल कहानी में हुआ बदलाव



तमिल सिनेमा के सबसे बड़े नामों में से एक थलपति विजय अपनी आगामी फिल्म लियो को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। लेखक निर्देशक लोकेश कनगराज के लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का हिस्सा होने के कारण लियो ने प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा पैदा की है। इस वर्ष सिनेमाघरों में पहुँचने वाली थलपति विजय की इस फिल्म को कई भाषाओं में प्रदर्शित किया जा रहा है, जो इसे अखिल भारतीय फिल्म बनाती है।

लियो के निर्माता ललित कुमार ने अब खुलासा किया है कि थलपति विजय लियो को पैन इंडिया नहीं बनाना चाहते थे। इसके स्थान पर उन्होंने निर्माताओं से कहा था कि सिर्फ तमिल दर्शकों को ध्यान में रखते हुए फिल्म को बनाया जाए, क्योंकि वह तमिल दर्शकों को संतुष्ट करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। हालांकि, निर्माता ललित और जगदीश के समझाने के बाद स्टार ने अपना विचार बदल दिया। फिल्म को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने में मदद करने के लिए मूल कहानी में कुछ बदलाव भी किए गए थे।

## खेल

# चेपक पर चेन्नई फिर बना सुपरकिंग्स, सनराइजर्स को सात विकेट से पीटा


**चेन्नई । डेवोन कॉनवे (77 नाबाद) और रितुराज गायकवाड (35) की सलामी जोड़ी के बीच 87 रन की बहुमूल्य भागीदारी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सात विकेट से आसान जीत दर्ज की।**



चेपक स्टेडियम पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सात विकेट पर 134 रन बनाये। 135 रन के बौने लक्ष्य का पीछा करते हुये चेन्नई ने ठोस शुरूआत की और मात्र तीन विकेट खोकर आठ गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। हैदराबाद के खिलाफ चेन्नई ने खेल के हर विभाग में खुद को बेहतर साबित किया। चुस्त क्षेत्ररक्षण और कसी हुयी गेंदबाजी से उसने हैदराबाद के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया जबकि बाद में तेज मगर सधी हुयी शुरूआत कर मैच को आसानी से अपने पक्ष में कर लिया।

आज के खेल का मुख्य आकर्षण चेन्नई के गेंदबाज रविन्द्र जडेजा (22 रन पर तीन विकेट) और बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की धुआंधार पारी रही। कॉनवे ने अपनी नाबाद पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर गायकवाड ने सूझबूझ से खेलते हुये उनका भरपूर साथ दिया। हैदराबाद के मयंक मारकंडे (23 रन पर दो विकेट) ने मध्यक्रम के दो बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर हालांकि मैच में कुछ देर के लिये रोमांच पैदा किया मगर वह छोटे लक्ष्य को हासिल करने के लिये चेन्नई के बल्लेबाजों को नहीं रोक सके। हैदराबाद के कप्तान एडन मार्कम ने चेन्नई की सलामी जोड़ी को रोकने के लिये अपने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया मगर हार को टालने की उनकी हर कोशिश नाकाम साबित हुयी।

इस जीत के साथ धोनी की टीम छह मुकाबलों में चार मैच जीत कर अंकतालिका में राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बराबर आठ अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है वहीं सनराइजर्स ने इतने ही मैच में चार अंकों के साथ दिल्ली के बाद निचली पायदान की दूसरी टीम बन चुकी है।



इससे पहले सनराइजर्स के अभिषेक और ब्रूक ने तेज शुरूआत करते हुये 4.2 ओवरों में 35 रन जोड़े। इस बीच आकाश सिंह की गेंद को उड़ाने के प्रयास में ब्रूक के बल्ले का किनारा लेती हुयी गेंद स्लिप में खड़े रितुराज गायकवाड़ के पास गयी और उन्होने उसे लपकने में कोई गलती नहीं की। ब्रूक के बाद क्रीज पर आये त्रिपाठी ने भी रन गति आठ रन प्रति ओवर के आसपास बरकरार रखा। इस साझेदारी को तोड़ने में जडेजा को सफलता मिली जब उन्होने अभिषेक को आंजिक्य रहाणे के हाथों कैच आउट कराया। इसके कुछ देर बाद 12वें ओवर में त्रिपाठी भी जडेजा का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये।

कप्तान धोनी ने चतुराई से गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हुये न सिर्फ रन गति पर नियंत्रण किया बल्कि नियमित अंतराल में विकेट भी मिलते चले गये जिसके चलते सरराइजर्स सात विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

## एक नजर

# जम्मू की दो शटलर्स ने राष्ट्रीय रैंकिंग के लिये किया क्वलीफाई



**जम्मू ।** जम्मू स्थित खेल प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी),भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिये चालीफाई किया है। साई के उप निदेशक नदीम अहमद डार ने बताया कि साई एसटीसी जम्मू की बैडमिंटन प्रशिक्षु उन्नति जराल और कृषिका महाजन ने 11 से 18 अप्रैल तक बहादुरगढ़ (हरियाणा) में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिए चालीफाई किया है। उन्होंने कहा कि उन्नति ने महिला एकल स्पर्धा के लिए चालीफाई किया जबकि उन्नति जराल और कृषिका महाजन की जोड़ी ने महिला युगल स्पर्धा के लिए चालीफाई किया। दोनों लड़कियां सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए चालीफाई करने वाली जम्मू-कश्मीर बैडमिंटन के इतिहास में पहली खिलाड़ी हैं। दोनों लड़कियां अंडर-19 आयु वर्ग में हैं, फिर भी उन्होंने वरिष्ठ स्तर पर प्रदर्शन किया है। डार ने कहा कि साई एसटीसी जम्मू के शटलरों ने हाल ही में एसटीसी धार (मध्यप्रदेश) में आयोजित इंटर साई बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक हासिल किए। डार ने कोच तौसीफ अहमद के प्रयासों की भी सराहना की और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर में सभी महत्वाकांक्षी शटलरों के लिए अनुकरणीय और उत्साहजनक है और केवल एथलीटों और कोचों की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण हासिल किया गया है।

# स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट लाइव' में नजर आयेंगी प्रियंका

**मुंबई ।** वैश्विक आइकन प्रियंका चोपड़ा और गोल्डन ग्लोब नामांकित रिचर्ड मैडेन स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगे। दोनों सितारे स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट लाइव' में अपनी आगामी ग्लोबल ओरिजिनल सीरीज सिटाडेल को प्रमोट करने के लिए मौजूद रहेंगे। सिटाडेल के मुख्य कलाकारों और स्टार स्पोर्ट्स के टैलेंट इरफ़ान पठान और टॉम मूडी के बीच की बातचीत दर्शकों को लुभायेगी। देश भर में प्रशंसक 21, 22 और 23 अप्रैल को आईपीएल 2023 के मैचों की अगुवाई में विशेष सेगमेंट देख सकते हैं और 28 अप्रैल को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर ग्राउंड-ब्रेकिंग ग्लोबल सीरीज़, सिटाडल देख सकते हैं। इस सेगमेंट से यह भी पता चलता है कि पहली आईपीएल नीलामी में विराट कोहली के बाजार मूल्य का पता लगाने के लिए प्रियंका चोपड़ा कितनी हैरान हैं। 2008 में विराट कोहली को आरसीबी ने सिर्फ 30 हजार अमेरिकी डालर में खरीदा था। प्रशंसकों को इस रोमांचक सहयोग की एक झलक प्रदान करने के लिए, स्टार स्पोर्ट्स ने पर्दे के पीछे का एक रोमांचक वीडियो जारी किया है, जिसमें मुख्य कलाकार प्रियंका चोपड़ा जोनास और रिचर्ड मैडेन के साथ-साथ स्टार स्पोर्ट्स की प्रतिभाएं हैं।

# जियोसिनेमा के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित शर्मा




**मुम्बई ।** क्रिकेटर रोहित शर्मा को जियोसिनेमा ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। वह अब स्पोर्ट्स व्यूइंग को डिजिटल का पर्याय बनाने के जियोसिनेमा के विजन को आगे बढ़ाने के लिए नई पारी शुरू करेंगे। इस मौके पर रोहित शर्मा ने कहा, जियोसिनेमा भारत में मोबाइल फोन और कनेक्ट टीवी में खेलों को देखने के तरीके को बदलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। विकल्प प्रदान करने की उल्लेखनीय श्रृंखला प्रशंसकों को वास्तव में सशक्त कर रही है। मैं जियोसिनेमा के साथ जुड़कर और इस यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बदलाव को सक्षम बनाता है और क्रिकेट प्रशंसकों को बहुत ज्यादा लचीलापन, पहुंच, अंत:क्रियाशीलता और निजता प्रदान करता है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि रोहित जियोसिनेमा की टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वह एक साझा विजन के तहत सहयोग करेंगे जो कि पहलकदमी की एक श्रृंखला के माध्यम से खेल देखने को डिजिटल का पर्याय बनाने पर केंद्रित है। वह देश भर में फैन बेस का विस्तार करते हुए सभी प्रीमियम स्पोर्ट्स संपत्तियों के लिए जियोसिनेमा के डिजिटल-प्रथम प्रस्ताव को अपनाएंगे। वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, रोहित शर्मा खेल भावना और बेजोड़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। वह उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो प्रशंसकों और खिलाड़ियों को समान रूप से प्रिय हैं। खेलों की हमारी प्रस्तुति और इन दिनों जारी टाटा आईपीएल में रोहित की प्रशंसकों के साथ जुड़ाव की क्षमता के बीच तालमेल है, और यह साझेदारी रोमांचक भविष्य की ओर जाने वाली राह पर भारत को आगे बढ़ाने की हमारी तलाश का एक स्वाभाविक विस्तार है।

# जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचना होगा सुपर जायंट्स का लक्ष्य

**लखनऊ ।** केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स शनिवार को गत विजेता गुजरात टाइटंस से पिछली हार का बदला लेने के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने के इरादे से अपने घरेलू मैदान में उतरेगी।



आसमान में बादलों के डेरे और आसपास के इलाकों में हल्की बूंदाबांदी से लखनऊ के तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे जब दोनो टीमें आमने सामने होंगी तो मौसम की खुशगवारी उन्हे रास आयेगी वहीं सुपर जायंट्स के समर्थकों का जोश मैदान में गर्मी पैदा करेगा। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस के लिये मौजूदा सत्र अब तक उतार चढाव से भरपूर रहा है। टीम की कोशिश पिछली हार को भुलाकर एक बार फिर सुपर जायंट्स को घुटनों में लाने की होगी। इकाना की धीमी पिच पर राशिद खान के साथ साथ खुद हार्दिक भी कारगर साबित हो सकते हैं वहीं मोहम्मद शमी की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण भी राहुल ब्रिगेड की परीक्षा लेंगे। लखनऊ और गुजरात ने अब तक दो दो मैच गंवायें है। पिछले मैच में राजस्थान राजल्स के खिलाफ जहां लखनऊ को जीत मिली थी वहीं गुजरात ने उसी टीम से हार कर लखनऊ की उड़ान पकडी है ।

# ग्राम पंचायत में सीसी रोड बनने के पश्चात दो दिन में उखड़ने लगी रोड, कई जगहों में पड़े दरारें

## ठेकेदार की दबंगई व सरपंच–सचिव की मिलीभगत से सीसी रोड चढ़ा भ्रष्टाचार के हत्थे

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।

आपको बता दें कि बलरामपुर जिला के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मगाजी के पारा जलबोथा गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य घटिया गुणवत्ताहीन किस्म से की गयी है, जिसमें सीसी रोड बनते ही कई जगह दरारें पड़ गई है। जिम्मेदार अधिकारियों जानकारी अवगत कराने के बाद भी अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं न ही कोई कार्यवाही की गयी है। ठेकेदार ने पत्रकारों को खुले चुनौती धमकी देते हुएए एड़ी चोटी लगा दो हमारा कुछ भी बिगाड़ नहीं पाएंगे। काम एक नंबर का है। जब हमारे संवाददाता द्वारा ग्राउंड जीरो पर जाकर देखा गया तो कहीं से भी एक नंबर का काम नहीं लग रहा था। सरपंच पति से जब बात की गयी तो उन्होंने कहा कि पैसा हमलोग के पास उतना



नहीं था, इस कारण से हम ठेकेदार को दे दिए है। और काम अच्छा हो रहा है, आप जानकारी दे रहे है, तो मैं देखता हुए आप समझ सकते हैं, किस तरह की मिलीभगत से इस सीसी रोड का निर्माण हो रहा है, पूर्व में सीसी सड़क जब बन रही थी तो खबर को प्रमुखता से दिखया गया था और अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन अब न कोई कार्यवाही हो पायी है ना इस पर पहल की गई आखिर क्या कारण है।

**क्या कहते हैं स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज**

**उन्होंने कहा कि मैं जांच करवाता हूं, और जांच के बाद ही कार्रवाई होनी चाहिए करवाऊँगा।**

** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला बलरामपुर से बात की गई तो वह कुसमी सीइओ को फोन के माध्यम से अवगत कराया है और तत्काल जांच टीम गठित कर जांच रिपोर्ट कि मांगी है।*

** इंजीनियर रामाधीन से बात की गयी तो उसने बताया कि मैं उनका फाइल देखा भी नहीं हूं, और आप लोगों के माध्यम से जानकारी मिली है कि घटिया सीसी रोड का निर्माण किया गया है, अब सीईओ सर के आदेश के बगैर मैं उस काम में हाथ नहीं लगाऊंगा।*

** इस विषय पर जनपद पंचायत कुसमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बोला कि मैं जांच के लिए टीम गठित कर रहा हूं तत्काल जांच टीम भेजकर जांच करवाता हूं।*

** अब देखने वाली बात यह है कि गांव में बने सीसी रोड का निर्माण जो कि गुणवत्तापूर्ण नहीं बना और ठेकेदार और गांव में बैठे जिम्मेदार सरपंच–सचिव पर जिमेदार अधिकारियों द्वारा क्या कुछ शिकंजा कसी जाएगी।*

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से अनाचार, 20 साल कैद

**महासमुंद** । नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और अनाचार का आरोप दोष सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने धारा 6 के अंतर्गत आरोपी पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम टेका निवासी 21 वर्षीय सामंत कुमार उर्फ चुनु यदु को 20 वर्ष का सश्रम कैद और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी तरह भादंस की धारा 363 के तहत 5 वर्ष व 366 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कैद के अलावा क्रमशः एक व दो हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड की राशि न चुकाने पर एक माह व दो माह का सश्रम कैद अतिरिक्त भुगतना होगा। अन्य सभी सजाएं साथ–साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार पिथौरा थाना में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री 28 जून 2022 को सुबह 10 बजे कक्षा में प्रवेश लेने पिथौरा जा रही हूं कहकर घर से निकली, जो रात तक वापस नहीं लौटी। आसपास रिश्तेदारों के यहां पता करने पर कोई जानकारी नही मिली। इस पर उसने पिथौरा थाने में शिकायत दर्ज कराया कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है।

# भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकली

## * भव्य आरती के साथ हुआ वरिष्ठजनों का सम्मान * कर्मा, डीजे और बैण्ड की धून पर थिरके युवा

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

शनिवार 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जगह–जगह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम का गुणगान किया गया। ब्राह्मण ने भगवान परशुराम का विधिवत पूजा अर्चना कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की।

भगवान विष्णु के छठवें अवतार एवं ज्ञान पराक्रम के प्रतीक भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर 22 अप्रैल को भव्य




शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए।

शोभायात्रा के बाद होती भगवान परशुराम की भव्य आरती सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सुबह 10 बजे परशुराम चौक में आर का आयोजन किया गया जिसमें काफ ी संख्या में ब्राह्मण समाज लोग मौजूद रहे। तत्पश्चात शरबत एवं प्रसाद का वितरण भी किया गया। शाम को निकली शोभायात्रा में कर्मा, डीजे एवं बैंड की धुन पर विप्र बंधु शामिल रहे। निकलने वाली भव्य शोभायात्रा नवधा चौक, गौरव पथ, कचहरी चौक होते हुए बुधवारी बाजार से परशुराम चौक पहुंची। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा में शामिल जनों का विभिन्न समाज सेवी संगठन सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

# कांसाबेल में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया, धूम धाम से निकाली गई शोभा यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़–कांसाबेल।

कांसाबेल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सनातन धर्मशाला में दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी विप्र ब्राह्मण समाज के लोगों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया । परशुराम उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा विविध कार्यक्रम रखे गए जिसमें प्रथम दिवस में रात्रि बच्चों एवं महिलाओं के कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, बच्चों के डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग



लिया। कार्यक्रम मंच का संचालन डॉ. प्रभात शर्मा, केशव पांडे, दुर्गा शर्मा एवं सुदाम पंडा, मनीष शर्मा द्वारा किया गया। बड़ों के कपल प्रोग्राम में कई तरह के आयोजन हुए। एवं सभी समाज का रात्रि सामुहिक भोजन का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस में सुबह से भगवान परशुराम की पुजापाठ मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुआ एवं हवन आरती की गई। फि र महिलामंडल द्वारा सामुहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से भव्य नगर भ्रमण करते हुए सभी विप्र समाज के महिलाएं पुरुषों एवं बच्चों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रैली नगर भ्रमण करने पश्चात धर्मशाला पहुंची। समापन से पहले समिति द्वारा नगर के सभी वरिष्ठों का सम्मान समारोह किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजयी सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं सभी समाज के लोगों द्वारा रात्रि सामुहिक भोज किया गया।समिति के अध्यक्ष रवि शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संबोधित किया। ज्ञात हो की शनिवार को परशुराम जयंती समारोह के साथ ईद का भी त्योहार था, जिसके कारण कांसाबेल थाना प्रभारी मल्लिका बनर्जी ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सारे चौक चौराहा पर पुलिस बल की चाक चौबंद रही।

## एक नजर

### ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**कोरबा** । प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विशव सद्भावना भवन के सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद, डॉ केसी देवनाथ, चांपा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रण्कु रचना दीदी उपस्थित थे। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम के अवसर पर अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जिस तरह माता सब कुछ सहन करते हुए अपने बच्चों का देखभाल करती है उसी तरह धरती भी हमारी माता ही है जो हमें वह सभी प्राणी जगत को निस्वार्थ सब कुछ देती है धरती मां है तो हम उनके पुत्र हुए तो इस नाते हमारा यह कर्तव्य है कि धरती माता को संरक्षित रखें। डॉ केसी देवनाथ ने कहा पृथ्वी ग्रह ही एक ऐसा ग्रह है जिसमें मानव जीवन की सभी मूलभूत आवश्यकताएं हैं प्राणी जगत में मनुष्य को ही सबसे बुद्धिमान कहा गया है परंतु वर्तमान समय में असंतुलन जीवन खानपान में परिवर्तन यह सब ने बीमारियों को आह्वान किया है बुद्धिमान कहे जाने वाले मनुष्य को पता है कि जल के बिना जीवन नहीं ऑक्सीजन के बिना प्राण नहीं फिर भी स्वार्थवश वृक्षों की कटाई करते हैं पानी व्यर्थ ही गांवते हैं अधिकाधिक पौधों लागए ताकि प्रकृति संतुलन बना रहे।

रचना दीदी ने बताया की प्राकृति दाता है प्रकृति का हर तत्व कभी किसी से कुछ लेता नहीं बल्कि देता है प्रकृति के अंदर परोपकार दया सब कुछ है जब हम परमधाम से इस सृष्टि पर आए तो हमारी मूलभाव परोपकार, दया, करुणा, सहानुभूति मनुष्य आत्माओं का प्राकृतिक स्वभाव है जो आदिकाल से परमात्मा द्वारा मनुष्य को मिला है। पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों ने भी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पृथ्वी दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व एल्डरमैन एस मूर्ति, डॉ सब्बरवाल, समाजसेविका रश्मि सिंह वह संस्था से जुड़े भाई बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### कलश यात्रा के साथ शिव पंडाल सीएसईबी कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**कोरबा** । काशी विद्वत्परिषद के प्रभारी भागवत भूषण व्याकरणाचार्य नागेन्द्र महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गायत्री मंदिर सीएसईबी कालोनी कोरबा पूर्व से प्रारंभ होकर शिव मंदिर पंडाल कथा स्थल तक पहुंची और कथा स्थल पर श्री नागेन्द्र महाराज द्वारा व्यास पीठ की स्थापना की गई।

नागेन्द्र महाराज के नेतृत्व में काशी विद्वत्परिषद से आये अन्य आचार्यों द्वारा शंखनाद एवं मंत्रोच्चार के साथ कथा स्थल पर व्यासपीठ की स्थापना के समय परिसर आध्यात्मिक संगीत से गुंजायमान हो रहा था। करीब दो घंटे तक परिसर में शंखनाद की गूंज गुंजायमान हो रही थी। आध्यात्म का भाव परिसर में तैर रहा था। कलश यात्रा के दौरान 40 डिग्री तापमान पर नंगे पांव महिलाओं ने यात्रा पूरी की। कलश यात्रा के साथ संध्या भागवत कथा प्रारंभ भी हो गई और प्रथम दिन विद्वान आचार्यश्री कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत की महत्ता बतायी गई और करीब तीन घंटों तक सैकड़ों की संख्या में उपस्थित। श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत की महत्ता जानी। यह संगीतमय ज्ञान यज्ञ 28 अप्रैल तक चलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से कथाश्रवण के लिए अपील की है। 28 अप्रैल तक रोजाना संध्या 4.30 बजे से 7.30 बजे तक संगीतमय कथा चलेगी। कलश यात्रा के दौरान संगीत की धुन पर करमा नर्तकदल ने समा बांधा। आचार्य नागेन्द्र महाराज रथ में सवार थे।

### वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान के अंतर्गत होगा पौधरोपण कार्यक्रम

**कोरबा** । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीणा रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव में वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं संचय के साथ भू.जल स्तर में वृद्धि करते हुए हरियाली को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता लाई जा सके। केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा सभी जिलों को वृक्षमाला नदीतट सरंक्षण अभियान के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रसारित किए गए हैं। कोरबा जिला कलेक्टर संजीव कुमार झा ने बताया कि वृक्षमाला नदीतट सरंक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य बारह महीने नदी की धारा के प्रभाव को बनाए रखना हैं ताकि भू–जल स्तर को बढ़ाया जा सके। जिसके परिणाम स्वरूप नदी के आसपास हरियाली में वृद्धि करते हुए वातावरण में बढ़ते तापमान को कम कर जीवन स्तर में बदलाव लाया जा सकेगा। जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर ने बताया कि वृक्षमाला महाअभियान कार्यक्रम इस वर्ष मार्च से प्रारंभ होकर 15 अगस्त तक चलेगा। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों में ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली, बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन के साथ माइक्रोफोन द्वारा विभिन्न घोषणा करते हुए वृक्षारोपण अभियान के लिए ग्रामीणों प्रोत्साहित किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने दो मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति

## बम्नीनडीह एवं कोटमी मंडल अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिले के दो मंडल में नए मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति की है । होरी लाल जयसवाल पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

दो बार मंडल के उपाध्यक्ष रहे हैं। उन्हे बमनीनडीह मंडल का अध्यक्ष नियुक्त गया है। भूपेंद्र पटेल पूर्व में भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष रहे एवं डभरा जनपद के पूर्व सभापति रहे। उन्हें कोटमी





मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवीन जिला सक्ती के संगठन के पुनर्गठन के दौरान कुछ पदाधिकारियों का दायित्व परिवर्तन किए गए थे। कोटमी के तत्कालीन मंडल अध्यक्ष पीतांबर सिंह पटेल को भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया और बाद मोर्चा के गठन के समय बमनीनडीह के तत्कालीन मंडल अध्यक्ष चेतन दास महंत को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिसके कारण दोनों मंडल में मंडल अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। आज भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से आज दोनों मंडल में मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति की है जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

# जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर के मुख्य आतिथ्य में किया गया जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश जांच परीक्षा का समापन

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

हमारे देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी द्वारा देश के प्रत्येक जिले में एक सर्वसुविधायुक्त विद्यालय की परिकल्पना की गई थी, जो आज जवाहर नवोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रवेश जांच परीक्षा का प्रत्येक रविवार को आयोजन किया जाना पोरथा स्कूल के शिक्षकों एवं ग्रामीण युवा संघ भुरसीडीह का अपने आप में तो महत्वपूर्ण कदम है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है प्रवेश जांच परीक्षा हेतु दूरदराज से आये सैकड़ों प्रतिभागियों के लिए प्रत्येक रविवार को प्रोत्साहन स्वरूप इनाम और जलपान की व्यवस्था। मुझे जानकारी मिली है कि यहां प्रत्येक रविवार को परीक्षा में 50 प्रतिशत



से ज्यादा अंक पाने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रामीण सेवा संघ और स्कूल शिक्षकों द्वारा इनाम दिया जा रहा था, जलपान की व्यवस्था की जा रही थी। यह सहयोग अभूतपूर्व है मैं आप सभी को और पोरथा स्कूल के प्रबंधकों को इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को शुभकामनाएं देता हूं। यह बातें पोरथा स्कूल में सम्पन्न समापन समारोह के मुख्य अथिति सक्ति जनपद पंचायत के अध्यक्ष राजेश राठौर ने कही। जवाहर विद्यालय प्रवेश जांच परीक्षा में 80 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें बालक वर्ग से कृतिक कर्ष, लक्की साहू, नोयंक देवांगन और शाम्भवी राठौर, भूमि सिंह, सोनल मानिकपुरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रत्येक रविवार को बालक, बालिका वर्ग से प्रथम आये प्रतिभागियों में से ही आज दोनों वर्ग से सर्वोच्च अंक लाने वाले प्रतिभागियों को और आज शामिल प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद अध्यक्ष द्वारा इनाम दिया गया। परीक्षा के आयोजन में पोरथा स्कूल के छबि राठौर, रामदयाल कर्ष, रामेश्वर राठौर, अमरदास मानिकपुरी एवं ग्रामीण युवा संघ के अध्यक्ष राज सिदार, संतोष राठौर, प्रसन्न राठौर, पुष्पेंद्र पटेल शामिल रहे। जनपद अध्यक्ष द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम तीन बालक और प्रथम तीन बालिका को शील्ड और क्रमशः 501 रूपये 251 रूपये और 101 रुपये दोनो वर्ग को देकर सम्मानित किया गया तथा आज परीक्षा में शामिल प्रत्येक प्रतिभागी को कॉपी और पेन भी उनके द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया। आज के समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ सैकड़ों की सख्या में उनके पालक और ग्रामवासी सम्मिलित थे। उन्होंने परीक्षा के आयोजनकर्ता, ग्रामीण युवा संघ भुरसीडीह और जनपद अध्यक्ष सक्ति के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रसंशा की।

# वन परिक्षेत्र चिरमिरी में वृक्षों की कटाई चरम सीमा पर

## सागौन वृक्षों की हो रही अंधाधुंध कटाई, वन परिक्षेत्र अधिकारी रोकथाम लगा पाने में नाकामजो

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

वृक्ष लगाओ जीवन पाओ जैसा स्लोगन हम बचपन से सुनते आ रहे हैं वनों की रक्षा करना वृक्ष लगाओ जीवन पाओ जैसे दायित्व और कर्तव्य पर जिम्मेदारी के रूप में वन विभाग को दिया गया है लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कोरिया वन मंडल के अंतर्गत आने वाले चिरमिरी वन परिक्षेत्र में इन दिनों वृक्षों की अवैध कटाई चरम सीमा पर चल रही है जिसे रोक लगा पाने में वन परिक्षेत्र अधिकारी चिरमिरी और उनकी टीम पूरी तरह से फेल साबित हो रही है आपको बता दें कि वन विभाग की भूमि पर पूर्व वन परिक्षेत्र चिरमिरी के अधिकारियों द्वारा सागौन के वृक्षों का वृक्षारोपण कराया गया था जोकि फल फूल रहे थे लेकिन वर्तमान में चिरमिरी वन परिक्षेत्र के अधिकारियों की उदासीनता के







कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई चल रही है वन परिक्षेत्र चिरमिरी के कई हिस्सों में सागौन के महंगे वृक्ष धड़ल्ले के साथ काटे जा रहे हैं लेकिन विडंबना की बात कहेंगे कि जहां एक और चिरमिरी वन परिक्षेत्र में चल रहे अवैध वृक्षों की कटाई पर रोक लगा पाने में वन अमला फेल साबित हो रहा है वहीं वन विभाग के उच्च अधिकारी भी मौन धारण किए हुए कुंभकरण निद्रा में सो रहे हैं जब इस संदर्भ में वन अधिकारियों से मीडिया बाइट लेना चाह जाता है तो एक दूसरे के ऊपर ठीकरा तो फोड़ दिया जाता है लेकिन जवाब देने से बस्ते नजर आते हैं इसी का खामियाजा आज वन परिक्षेत्र चिरमिरी के जंगलों में सागौन की वृक्षों को धड़ल्ले के साथ काटा जा रहा है जब पत्रकार अपनी टीम के साथ जंगल का मुआयना कर रहा था तो वन परिक्षेत्र में सागौन कि वृक्षों को बिना किसी डर भय के साथ काटते नजर आए वही वन परिक्षेत्र के आला अधिकारी अपने मस्त माहौल दत्तक पुत्र बने आनंद ले रहे हैं सबसे बड़ी बात यह है कि इन सब विषयों पर उच्च अधिकारियों को पूरी जानकारी होने के बावजूद भी जहां एक और वन परिक्षेत्र चिरमिरी के अधिकारियों द्वारा अवैध वृक्षों की कटाई रोकी नहीं जा पा रही है

*वहीं दूसरी ओर उच्च अधिकारी भी किसी भी प्रकार का कार्यवाही करने से बच रहे हैं शायद देश के चौथे स्तंभ को हल्के में लेने की भूल कर रहे हैं सत्यता और निष्पक्ष पत्रकारिता के हर पहलू को इसी प्रकार से जनता के सामने परोसना ही एक सच्ची पत्रकारिता कहलाती है अब देखने वाली बात होगी कि वन परिक्षेत्र चिरमिरी में चल रहे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर किस प्रकार से रोक लग पाएगी या फिर ऐसे ही जंगल नष्ट होते रहेंगे और आला अधिकारी अपनी मस्ती में मस्त रहेंगे।*

## एक नजर

### 352 शिक्षित युवाओं का स्वीकृत हुआ बेरोजगारी भत्ता, 424 स्वीकृति के लिए अनुशंसित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर पीएस ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में बेरोजगारी भत्ता योजना के अन्तर्गत शिक्षित युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। एमसीबी ज़िले में अब तक कुल 917 शिक्षित युवाओं ने बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है जिसमें से कुल 351 आवेदन सत्यापन के पश्चात स्वीकृत किए गये हैं तथा 424 आवेदन पत्रों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति के लिए अनुशंसित किया गया है। इनमें से 52 शिक्षित युवा सत्यापन के लिए अनुपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि बेरोजगारी भत्ता योजना छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसकी शुरुआत 1 मार्च से की गई है जिसमें सभी पात्र शिक्षित युवा पोर्टल के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### भक्तिभाव से पूजे गए भगवान परशुराम, सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा

**कोरबा** । अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व शहर में उल्लास से मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालकर अपने ईष्ट देव के प्रति आस्था प्रकट की। वहीं अक्षय तृतीया पर धार्मिक अनुष्ठान पूजन का उत्साह रहा हैं। अबूझ मुहुर्त होने की वजह से जिले भर में विवाह आयोजनों की भरमार रही है। परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभन्ना स्थानों मे धार्मिक आयोजनों उत्साह रहा। इस अवसर शहर हुए आयोजन आकर्षण के केंद्र रहे। सीतमढ़ी के सप्तदेव मंदिर से टीपी नगर तक निकाली गई शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। औद्योगिक जिला होने के लिहाज से देश भर के ब्राह्मण समुदाय के लोग यहां निवास करते हैं। सामाजिक एकता दर्शाते हुए ब्राह्मणों ने परशुराम की जय की जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा सीतामढ़ी से शुरू होकर पुराना बसस्टैंड, पावर हासउ रोड से होते हुए टीपी नगर में संपन्न हुआ।

शोभायात्रा के दौरान भगवान परशुराम की आदमकद प्रतिमा को वाहन में सुसज्जित किया गया था। लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का जगह-जगह स्वागत किया। शाम के समय हुई वर्षा के बावजूद शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बरकरार रहा है। अबूझ मुहुर्त होने से जिले भर में विवाह आयोजनों की भरमार रही। बैंडबाजा, बारातघर, बसें पहले से ही बुक की जा चुकी थी। विवाह में शामिल होने के लोगों ने उपहारों की जमकर खरीदारी की। अक्षय तृतीया के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों भागवत कथा आयोजन की शुरूआत हुई है। इससे पहले सुबह के समय कलश यात्रा कई जगहों से निकाली गई।

शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्र बालको, कटघोर, पाली, छुरी, दीपका, बांकीमोगरा आदि स्थानों के मंदिरों में अक्षय तृतीया पर पूजा आराधना की गई। किसानों ने बोआई के लिए बीजहा धान की पूजा अक्षय तृतीया के खरीफ फसल की तैयारियों शुरू हो गई। किसानों में कोठी से बीजहा धान निकाल कर पूजा की। खेता डाले जाने वाले गोबर खाद की भी पूजा की। आगामी खरीफ में खेत धान से परिपूर्ण हो इस कामना के साथ अन्नापूर्णा देवी की पूजा की। अक्षय तृतीया के साथ ही खेतों वर्षा जल संरक्षण के लिए मेंड़ बंधान का काम शुरू हो गया।

### ट्रेलर के चपेट में आकर एक्टिवा चकनाचूर, मां-बेटे बाल-बाल बचे

**कोरबा** । तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए एक ट्रेलर चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जहां वाहन चकनाचूर हो गया वहीं उसमें सवार मां-बेटे बाल-बाल बच गए। कोयला परिवहन में लगे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 0824 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दीपका थाना के सामने होटल-ढाबे के पीछे से गुजरी हरदीबाजार मार्ग में सुबह करीब 7 बजे एक एक्टिवा सवार महिला और उसके बेटे को चपेट में ले लिया। हादसे में जहां एक्टिवा पूरी तरह चकनाचूर हो गई, वहीं दैवयोग से महिला और उसका पुत्र इस हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस तरह से ट्रेलर के पहिए में एक्टिवा फंस गया, उससे हादसे की भयावहता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जरा सी भी चूक होती तो महिला व उसका बेटा का क्या होता। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन दीपका थाना के सामने हरदीबाजार मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती है और जाम लगा रहता है। जाम से ट्रकों के चालक तो परेशान होते ही हैं।

# चिराग अग्रवाल को पार्टी ने दी बड़ी जबाबदारी बनाए गए युवा मोर्चा कोटमी मंडल का प्रभारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ती के सभी मंडलों की मंडल प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश साहू द्वारा घोषणा निम्न अनुसार किया गया है। जिसमें चिराग अग्रवाल को चंदपुर विधानसभा के कोटमी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है उनके साथ सह प्रभारी शंकर साहू को बनाया गया है। एवं अभिषेक शर्मा को मालखरौदा एवं तुलेश जायसवाल को छपोरा की जबाबदारी दी गई है चिराग अग्रवाल को पार्टी को मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी दी है। चिराग अग्रवाल ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी युवा मोर्चा को मजबूत करने के लिए दो जबाबदारी दी उसे पूर्ण करने का प्रयास करुंगा। कार्यकताओं में हर्ष।

### 29 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम घोषित

**कोरबा** । भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में भारतीय वेटरन्स टेबल टेनिस कमेटी के सहयोग से आयोजन समिति, जलंधर जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा 24 से 30 अप्रैल 2023 तक जलंधर में 29वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष श्री शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम की घोषणा की गयी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम को सुनील कुमार अग्रवाल डायरेक्टर . एस के ए कंपनी के सौजन्य से प्रदत्त ट्रेक सूट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिव श्री प्रदीप जोशी, छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन श्री प्रदीप जनवदे, छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के सचिव श्री प्रेमराज जाचक उपस्थित थे तथा सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम 23 अप्रैल को रवाना। टीम के कोच श्री के रविशंकर बिलासपुर एवं मेनेजर श्री अरविंद कुमार शर्मा रायपुर महानगर है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए श्री अजीत बेनर्जी रायपुर एवं सुश्री जया साहू राजनांदगांव को चुना गया है । टीम इस प्रकार है-पुरुष ;आयु वर्ग 40- निखिल बानी रायपुर महिला ;आयु वर्ग 40- सुश्री शिखा खांडे हुसैन बिलासपुर। पुरुष ;आयु वर्ग 50- राजेश अग्रवाल. कप्तान रायपुर, संजय लहेजा बिलासपुर, सुरेश शादीजा रायपुर। रितेश मल्होत्रा रायपुर। पुरुष ;आयु वर्ग 50- अरविंद कुमार शर्मा,कप्तान रायपुर महानगर, गिरिराज बागड़ी रायपुर, विधानदीप मिश्रा रायपुर, विनय केजरीवाल रायपुर महानगर।

# भगवान परशु राम की पूजन अर्चन के बाद सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

भगवान परशु राम की पूजन अर्चन के बाद सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों को समाज गौरव अलंकरण से किया गया सम्मानित।



अक्षय तृतीया के दिन सर्व ब्रमाह्न समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया। जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में पहले वैदिक रीति रिवाज से परशुराम का पूजन अर्चना किया गया, फि र नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दरम्यान क्षेत्र भर से ब्राम्हण समाज के महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में शोभा यात्रा में शामिल हुए। डीजे के धुन व आतिशबाजी के बीच शोभा यात्रा पूरा नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा के दरम्यान भाजपा पदाधिकारी माखन कश्यप ने नगर के चौराहे पर फूल बरसा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, वहीं माहेश्वरी समाज ने शरबत पिला कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद आलंकरन समारोह रखा गया था, एसडीएम अर्पिता पाठक बतौर मूख्य अतिथि शामिल हुई, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ जोगेंद्र प्रसाद बेहेरा ने किया, दुर्गा चरण अवस्थी एंव राजेश तिवारी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस समारोह में ब्राम्हण समाज के होनहार वा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अलावा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 से भी ज्यादा सामाजिक महिला पुरुष को समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तस्मित पात्र, जय विलास शर्मा, रमाकांत बेहेरा, अवनीश पात्र, अमित अवस्थी, गुरुनारायान तिवारी, अरविंद तिवारी, हेमंत तिवारी, प्रमेश अवस्थी, संजय शर्मा समेत टेमेरा, खुटगांव, टिकरापारा, गोहेकेला, परेवापाली, गोहरापदर, अमलीपदर के विप्र समाज के लोगों का अहम योगदान रहे।



# आपदा प्रबंधन शिविर में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी के 2 विद्यार्थी लेंगे हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय चिरमिरी के दो विद्यार्थी 24 से 27 अप्रैल तक हरियाणा में आयोजित होने वाले पर्वतारोहण व्यक्तिगत विकास व आपात प्रबंधन शिविर में हिस्सा लेंगे। आत्मानंद विद्यालय के कक्षा नवमी के विद्यार्थी सुदीक्षा दिनकर और सूरज वर्मा इस शिविर में शामिल होने संस्था के शिक्षक बृजेश सिंह कंवर के साथ हरियाणा रवाना हो गये हैं। जिले की टीम मे आत्मानंद महलपारा एवम आत्मानंद सोनहत के भी बच्चे शामिल है। इस साहसिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों को पर्वतारोहण के लिए आवश्यक किट सामग्री प्रदाय किया गया गई है।

आपात प्रबंधन शिविर का आयोजन भारत स्काउट व गाइड नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स गदपुरी हरियाणा में आयोजित किया गया है। जिसमें राज्य भर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के चयनित विधार्थी शामिल होंगे। चिरमिरी के दो बच्चों का स्काउट गाइड रोवर रेंजर के रूप में चयन हुआ है। शामिल होनेवाले विधार्थियों को संस्था के प्राचार्य डॉ डीके उपाध्याय, स्काउट गाइड के राज्य एवं जिले स्तर के पदाधिकारी गण सर्व शैलेंद्र मिश्रा, नागेश्वर प्रसाद साहू, शांतनु कुर्रे ने बधाई दिया है।

# क्षेत्र में लागातार बढ़ रहें अपराधों का मुख्य कारण बेरोजगारी और नशा-महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

क्षेत्र में लागातार बढ़ रहें अपराधों का मुख्य कारण बेरोजगारी और नशा है। क्षेत्र में बढ़ते अपराधों में बेरोजगार युवाओं की संलिप्तता अधिक देखी गई है। बेरोजगारी और नशा एक ऐसी समस्या है जो आज के युवाओं को अपराधों के दलदल में फसाता जा रहा है।



सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा दर्ज आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है। स्वाभाविक रूप से, यह युवाओं को निराश करता है क्योंकि अपनी शिक्षा पर बहुत समय और पैसा खर्च करने के बावजूद उन्हें एक अच्छी नौकरी पाने में मुश्किल होती है। इससे कई युवाओं के मन में व्यवस्था के प्रति आक्रोश की भावना पैदा होती है, जो फिर विद्रोह करते हैं और अपने जीवन में अपराधों का सहारा लेते हैं। युवा पुरुषों में बढ़ती बेरोजगारी, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर ड्रग और शराब का सेवन बढ़ता है, जिससे अपराध और हिंसा के प्रमुख कारकों में से एक के रूप में देखा जाता है। जरूरी नहीं कि बेरोजगार शहरी गरीब तबके के हों। यहां तक कि एक अच्छे परिवार से आने वाला व्यक्ति भी अपराध को किसी न किसी रूप में बदल सकता है। आज एम सी बी जिले की बात की जाय तो इसका स्थान पहले दर्जे पर रखा जा सकता है। जहां ज्यादा पढ़े लिखे युवा रोजगार के लिए बाहर शहरों में जा सकते हैं। लेकिन कम पढ़े लिखा युवा ना तो बाहर जा सकता है और ना ही क्षेत्र में रोजगार की कोई ऐसी व्यवस्था है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके फलतः वही बेरोजगार नशे की चपेट में आ कर अपराधों को अंजाम देता है।

### नेताओं को नहीं है कोई सुध

इतनी बड़ी समस्या होने के बाद भी नेता वर्ग द्वारा आज तक इस विषय पर कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने केवल अपने हितों को ही प्राथमिकता दी है। लेकिन यह कहां तक सही है कि आप जिस जनता से मीठे वादे कर आप चुने जाते हैं। लेकिन जब उन्ही जनता को आपकी आवश्यकता होती है तब आप अपना पलड़ा झाड़ते नजर आते हैं। जब एक बेरोजगार युवक के पास अच्छा रोजगार होगा तो शायद वह अपराधिक घटनाओं में अपना समय ना देकर एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकेगा। लेकिन एमसीबी में आय दिन अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि युवाओं का जीवन एक ऐसे गड्ढे में जा रहा है जहां से निकल पाना संभव नहीं। आज पुरे क्षेत्र में सट्टा, गांजा, शराब, जुआ जैसे अपराधिक मामले चरम पर है जिसका मुख्य कारण सिर्फ बेरोजगारी और नशा है।

# अंगना म शिक्षा के अंतर्गत 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जाएगा ठाकुर नगर जोबी में

जोहार छत्तीसगढ़-
धरमजयगढ़।






धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाला प्राथमिक शाला में सुधर पढ़वईया के उद्देश्य में अंगना म शिक्षा के तहत प्राथमिक शाला ठाकुर नगर जोबी सोनपुर संकुल में स्मार्ट माताओं को बच्चों के गुणवत्ता सुधार हेतु शिक्षा से जोड़ने घर घर जाकर शिक्षिका प्रमिला जांगड़े द्वारा छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार समग्र शिक्षा के निर्देशनुसार अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत 3.0 के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा से जोड़ने उद्देश्य से 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार कार्यक्रम आयोजन कराना है जिसमें मैडम प्रमीला ने बताता की इस कार्यक्रम के उद्देश्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी सभी संकुल समन्वयक एवं विकासखंड के सभी स्व प्रेरित महिला शिक्षिकाओं महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ आयोजित कार्यक्रम कर बच्चों की उपलब्धि में सुघर पढ़ाई हेतु माताओं का योगदान लिया जाना है। जिसमें अंगना म शिक्षा के अंतर्गत पढ़वईया तिहार मनाया जाएगा इस कार्यक्रम में निकट स्कूलों की शिक्षिकाओं स्थानीय महिलाएं जिनके बच्चे प्राथमिक शाला स्कूलों में पढ़ते हैं उनको अनिवार्य रूप से शामिल करना होगा तथा स्मार्ट माताओं को आयोजन में शामिल कर बच्चों को घर घर में खेल खेल में पढ़ने के कला को जोड़ना है। जिसके लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को स्काच अवार्ड से भी नवाजा गया है जो बच्चों के गुणवत्ता में महत्वपूर्ण योगदान रही है। इसी कड़ी में 25 अप्रैल को भव्य रूप से पढ़ाई तिहार के आयोजन के तैयारी के लिए सोनपुर संकुल के शिक्षिका द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए तस्वीर नजर आ रहे हैं जिन्हें अंगना म शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतू कई बार सम्मानित भी किए जा चुके हैं और वे निरंतर इसी कड़ी में समय समय में कार्य भी करते नजर आते रहते हैं चाहें करोना काल हो या गर्मी छुट्टी के दिन हो वे सदा अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हैं।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ की बेटी दुर्ग जिले की शान प्रथम महिला अग्निवीर हिषा बघेल का जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने किया अभिनंदन



दुर्ग। भारतीय सेना में छत्तीसगढ़ से प्रथम अग्निवीर हिषा बघेल के ग्राम बोरीगारका में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में जिला भाजपा पदाधिकारियों ने पहुंचकर अभिनंदन किया और हर्ष व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सम्मानित किया।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिले की बेटी हिषा बघेल छत्तीसगढ़ की प्रथम अग्निवीर बनी है। हिषा की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ की समस्त बेटियां गौरवान्वित हुई है। अग्निवीर भर्ती की चुनौतियों का सामना हिषा बघेल जैसी ग्रामीण परिवेश की बेटी ने किया, कठिन परिश्रम किया और पूरे प्रदेश की बेटियों के लिए मिसाल और प्रेरणा बन गई। हिषा ने यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं है यदि मन में संकल्प हो तो आर्थिक अभाव कोई मायने नहीं रखता। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने अग्निवीर योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश के नेताओं ने अग्निवीर योजना की लगातार आलोचना की लेकिन हिषा बघेल के रूप में ग्रामीण परिवेश की बेटी जब अग्निवीर बनकर सामने आई है तो युवाओं के राष्ट्र सेवा में जाने के लिए बनी इस योजना का महत्व आम जनों के सामने परिलक्षित हो रहा है। अग्निपथ योजना युवाओं के लिए वरदान है, जिसमें युवाओं को 4 साल के लिए सेना (नौसेना, थल सेना और वायुसेना) में सेवा देने का अवसर मिलेगा। 4 साल बाद चयनित हुए जवानों में से 25 प्रतिशत को परमानेंट कर दिया जाएगा। अग्निवीर बनकर रिटायर होते हैं तो उनके पास 12 लाख रूपए की पूंजी होगी। जिससे वे अपना कोई रोजगार खोल सकते हैं और आगे उन्हें आसानी से लोन भी मिलेगा। सोचिए कितने युवाओं की 21-23 की उम्र में 12 लाख की पूंजी होती है? अग्निवीरों को सेवानिवृत्ति के बाद %अग्निवीर स्किल सर्टिफिकेट% भी मिलेगा जिससे उन्हें भविष्य में दूसरी नौकरी में चुने जाने में प्राथमिकता मिलेगी। रिटायर हुए अग्निवीरों को जो पैकेज मिलेगा उसपर इनकम टैक्स भी नहीं लगेगा। रिटायर हुए अग्निवीरों के पास अनुशासन, प्रशिक्षण, गतिशीलता और कुशलता होगी जिसका अन्य युवाओं में उस उम्र में अभाव होता है। ऐसे में अग्निवीरों का कम उम्र में ही चरित्र निर्माण होगा। केंद्र की मोदी सरकार ने दूरगामी सोच रखते हुए अग्निवीर योजना को लाया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के साथ अग्निवीर हिषा बघेल के घर पहुंचकर अभिनंदन करने वाले भाजपा पदाधिकारियों में जिला महामंत्री ललित चंद्राकर,योग नारायण गजपाल,सोनू राजपूत महामंत्री, प्रवीण यदु भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल,शत्रुहन साहू ,वामन साहू सरपंच,राजेश साहू,करण सेन,देवेंद्र कुमार यादव शामिल थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में अक्ति तिहार व माटी पूजन कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार अक्षय तृतीया पर्व कृषि का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। इसी अवसर पर कटघोरा लखनपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में अक्ति तिहार व माटी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पाली तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा शामिल हुए।

## अक्षय तृतीया पर धमतरी माहेश्वरी महिला संगठन ने 11 दिव्यांग कन्याओं के विवाह हेतु किया विशेष सहयोग



**धमतरी।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आखा तीज (अक्षय तृतीया) के अवसर पर 11 दिव्यांग कन्याओं के विवाह हेतु विशेष सहयोग प्रदान किया गया, उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया की धमतरी जिला अध्यक्ष अनुराधा सारडा व जिला सचिव लक्ष्मी राठी ने सेवा,त्याग और सदाचार के भाव को उच्च स्तर पर रखते हुए यह कार्य किया है। संकल्प सेवा संस्थान ने माहेश्वरी महिला संगठन से 11 दिव्यांग कन्याओं के विवाह हेतु बर्तन का सहयोग चाहा था जिस पर संगठन ने 11 किचन सेट के साथ ही 11 जोड़े, श्रृंगार का सामान व राष्ट्रीय समिति संकल्प सिद्धा प्रभारी भावना राठी द्वारा 11 गोदरेज की अलमारियां प्रदान की गई। साथ ही कन्या दान में 1100 रुपए की राशि भी संगठन द्वारा प्रदान की गई।

## अय्यप्पा मंदिर में निकला नाग, रेस्क्यू टीम ने जंगल में छोड़ा

**कोरबा** । एसईसीएल सुभाष ब्लॉक स्थित अय्यप्पा मंदिर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मंदिर परिसर में 1 जहरीला नाग फन फैलाए बैठा हुआ था तब वहां के पुजारी श्री शिवा राज जी ने आरसीआरएस स्नेक रेस्क्यू टीम के प्रमुख सर्प मित्र अविनाश यादव जी को कॉल करके इसकी सूचना दी। अविनाश यादव ने देरी न करते हुऐ अपनी संस्था आरसीआरएस के सदस्य उमेश यादव और अतुल को सूचना दी।

सर्प मित्रों ने बताया कि इसे हिन्दी में नाग, गेहुअन कहा जाता हैं और इस सांप में न्यूरोटॉक्सिक नाम का जहर पाया जाता हैं जो कि बहुत खतरनाक होता है। सर्प मित्रों द्वारा रेस्क्यू करके सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया। सर्प मित्रों ने बताया कि यह सांप अक्सर भोजन की तलाश में हमारे आसपास के घरों में घुस जाता हैं। इनका पसंदीदा भोजन चूहे मेंढक होते हैं। कृप्या इन बेजुबानों को मारे नहीं और सर्पदंश का शिकार होने पर झाड़ फूंक के चक्कर में बिल्कुल न पड़े और तत्काल पास के जिला चिकित्सालय अस्पताल में जावे।

### घरघोड़ा जमीन फर्जीवाड़े में सनसनीखेज खुलासा

## जिस के आधार पर चढ़ा, अतिरिक्त 5 प्लॉट, संबंधित आदेश में उन जमीनों का जिक्र ही नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-
कुड़ेकेला।

छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल अपने तेजतर्रार रवैये को लेकर खासे लोकप्रिय हैं। खासकर राजस्व मामलों में गड़बड़ी की बात सामने आने पर उनकी गहरी नाराजगी देखने को मिलती है और दोषी पाए जाने पर कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी।




हालांकि उनकी इस कार्यशैली के बावजूद प्रदेश में जमीन फर्जीवाड़े में पटवारियों की संलिप्तता की खबरें आती रहती हैं। कुछेक मामलों में कार्रवाई भी की जाती है लेकिन जहां मामला हाई प्रोफाइल होता है वहां पर संबंधित अधिकारी अपने अधिकार का खुलकर इस्तेमाल कर पाने की स्थिति में नजर नहीं आते हैं। हालांकि ऐसी स्थिति के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन यह अघोषित सत्य है कि आज भी सच को सही साबित करना काफ ी मुश्किल काम है। बहरहाल एक ऐसा ही मामला घरघोड़ा तहसील क्षेत्र का है। जहां घरघोड़ा हल्का के पूर्व पटवारी आर के जायसवाल पर एक स्थानीय व्यवसायी नरेश अग्रवाल ने जमीन फर्जीवाड़े को लेकर काफ ी संगीन आरोप लगाए हैं। जिनमें कूटरचना कर फ र्जी खसरा तैयार कर अपने निजी स्वार्थ के लिए तीसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने और प्रार्थी के हिस्से की जमीन में से कुछ हिस्से को दूसरे के नाम पर चढ़ाते हुए खुद को नुकसान पहुंचाने के आरोप शामिल हैं। उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन को दी है जिस पर सुनवाई जारी है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारी ने प्रार्थी को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनकी जमीन उन्हें वापस मिल जाएगी। इन सबके बीच इस मामले में घरघोड़ा के तत्कालीन पटवारी आरके जायसवाल के कारनामों की फेहरिस्त लम्बी होती जा रही है। दरअसलए इस मामले में नरेश ने पटवारी पर पांच फ र्जी खसरा नम्बर तैयार कर उसे किसी लिंगराज पंडा के नाम करने और उसके बाद उनका बंटवारा करने का आरोप लगाया है।

इस मामले में हमारी स्वतंत्र पड़ताल में यह बात सामने आई है कि जिन अतिरिक्त 5 खसरा नंबर की भूमि के फर्जीवाड़े का आरोप लगा है वह प्रथमदृष्टया सही है। इस पूरे मामले में इन 5 खसरा नंबरों के सृजन करने के आरोप को और बल तब मिलते हैं जब यह बात सामने आती है कि जिस आदेश के आधार पर इन पांच खसरा नंबरों की भूमि को लिंगराज व उसके रिलेटिव के बीच बंटवारा किया गया है उस आदेश में इन 5 खसरा नंबरों का कहीं भी उल्लेख नहीं है। इसके अलावा विभागीय आंकड़ों के अवलोकन से यह पता चला है कि इन 5 भू खण्डों में से फिलहाल सिर्फ दो प्लॉट का नक्शा काटा गया है, बाकी के तीन का नहीं। उसमें भी जिन दो प्लॉटों का नक्शा काटा गया है उसमें से एक जमीन से सरकारी जमीन सटा हुआ है। इसके अतिरिक्त बंटवारे के संबंध में लिंगराज पंडा के एक अन्य केस में भी इन 5 भू खण्डों का कोई उल्लेख नहीं है। किसी भी केस में इन अतिरिक्त 5 प्लॉटों का जिक्र नहीं हो पाना महज इत्तेफाक नहीं है, लिपिकीय त्रुटि तो बिलकुल नहीं मानी जा सकती।

इस पड़ताल में इन सब के अलावा भी कई ऐसी चीजें सामने आई है जिनसे संबंधित पटवारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। बहुत जल्द इस मामले की अपनी अगली रिपोर्ट में हम उन बातों को भी सामने रखेंगे। बहरहालए घरघोड़ा तहसीलदार इस केस की जांच कर रहे हैं। प्रार्थी नरेश ने कहा कि इस मामले में फैसला जल्द और हमारे पक्ष में आने की उम्मीद है।

***** मामले की 26 अप्रैल को पेशी है, उस दिन निराकरण कर विधिवत भू-स्वामी को उसके हक की भूमि पर कब्जा दे दिया जायेगा।**

***विद्याभूषण साव***
***तहसीलदार घरघोड़ा***

अवैध शराब पर छाल पुलिस की कार्यवाही,

## 10 लीटर शारब के साथ एक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-
कुडेकेला।




थाना प्रभारी छाल को जरिए मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम कुकरीचोली निवासी अर्जुन डनसेना अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखा है कि सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम बनाकर प्रधान आर 581 ईश्वर उराव आर. 872, 739, 943 को कार्यवाही हेतु निर्देशित करने पर मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर अर्जुन डनसेना से उसके घर के सामने पूछताछ किया गया जो महुआ शराब अपने कब्जे में बिक्री करने हेतु रखना स्वीकार किया तथा अपने घर के अंदर से दो नग पीले कलर की पांच-पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जैसी तिखी गंधयुक्त द्रव्य पदार्थ कीमती 1000 रूपये को अपने घर से निकाल कर आंगन में पेश करने पर उक्त शराब को रखने के संबंध में शासन द्वारा प्रदत्त कोई वैध कागजात, लायसेंस हो तो पेश करने हेतु धारा 91 जाफ ौ का नोटिस देने पर आरोपी द्वारा को कागजात, लायसेंस नहीं होना लिखकर दिया। आरोपी अर्जुन डनसेना का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 34 (2) 59 (क) आब. एक्ट का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से उक्त मशरूका को गवाहों के समक्ष सीलबंद कर कब्जा पुलिस लिया गया है प्रकरण में आरोपी अर्जुन डनसेना पिता अमीलाल डनसेना उम्र 37 वर्ष साकिन कुकरीचोली थाना छाल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर लिया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आर ईश्वर उराव, हरेंद्र पाल जगत, गोविंद बनर्जी, सूरज साहू की अहम भूमिका रही है।

जच्चा-बच्चा की मौत का मामला

## महिला डॉक्टर रश्मि और 2 नर्सों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज, गिरफ्तारी की उठी मांग

जोहार छत्तीसगढ़-
सूरजपुर।



रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत मामले में 2 सप्ताह बाद डॉ रश्मि कुमार सहित व नर्सों पर 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी कार्यवाही की गई है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम तिलसिवां स्थित रश्मि नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में परिजनों की लगातार शिकायत के बाद शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने जिला चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि कुमार एवं स्टाफ नर्स मौसम तिर्की व अंजली तिर्की के विरुद्ध धारा 304 ए 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में चिकित्सकों की 5 सदस्यीय टीम की जांच में लापरवाही की पुष्टि होने तथा मर्ग जांच के बाद पुलिस ने अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। गौरतलब है कि रश्मि नर्सिंग होम में 5 अप्रैल को गर्भवती महिला के ऑपरेशन से प्रसव में बच्चे के मृत होने के साथ ही उसी रात महिला की मौत हो गई थी। महिला के स्वजनों द्वारा महिला चिकित्सक डॉक्टर रश्मि कुमार एवं नर्सिंग होम के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुरुआत से ही कार्रवाई की मांग की जा रही थी। इस मामले में महिला चिकित्सक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। वहीं इस मामले में जांच टीम का प्रतिवेदन मिलने पर कलेक्टर नें मामले में डॉ रश्मि कुमार के निलंबन के लिए हेल्थ सेक्रेटरी को पत्र लिखा था। इधर इसी मामले में जांच प्रतिवेदन के आधार पर सीएमएचओ ने 2 स्टाफ नर्सों के निलंबन हेतु संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा को पत्र लिखा था। इधर जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार के विरुद्ध एफ आईआर दर्ज करने एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर बुधवार को शिवसेना की जिला इकाई ने रंगमंच मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। इधर शुरुआती दौर से ही मृतक महिला के पिता द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज करने से लेकर डॉ. रश्मि कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग लगातार की जा रही है। बीते गुरुवार को एक बार फिर मृतक के पिता महेंद्र साहू ने कलेक्टर से मुलाकात की थी। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मामले की वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए डॉ. रश्मि कुमार एवं उनके सहयोगियों को शासकीय सेवा से बर्खास्त करते हुए एफ्आईआर दर्ज कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया था कि 2 दिनों में मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।




### यह है पूरा मामला

विगत 3 अप्रैल को रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम भुनेश्वरपुर भकमा निवासी गर्भवती महिला पूजा साहू पति राम नारायण साहू 22 वर्ष को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया था। यहां करीब डेढ़ दिन उसका उपचार ही किया गया। आराम नहीं मिलने पर स्वजनों द्वारा उसे अंबिकापुर रेफर करने की मांग की गई, लेकिन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार के कहने पर स्वजन महिला को प्रसव के लिए 4 अप्रैल को रश्मि नर्सिंग होम ले गए। यहां 5 अप्रैल को ऑपरेशन के बाद बच्चा मृत पैदा होने की जानकारी दी गई और उसी रात महिला की भी मौत हो गई थी।

### डॉक्टर की गिरफ्तारी की उठी मांग

*लंबे इंतजार के बाद जहां पुलिस ने दोषी डॉक्टर पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है पर अब डॉक्टर की गिरफ्तारी कब होगी इसकी मांग भी उठने लगी है। क्योंकि घटना के बाद से ही डॉक्टर के जिले से नदारद होने की जानकारी मिल रही थी और अब लगता है कि पुलिस के लिए भी चुनौती होगा कि उसे गिरफ्तारी कब करेगी।*

*वैसे पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वही इसमें परिजनों का कहना है कि धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध होना चाहिए क्योंकि जानबूझकर डॉक्टर ने ऐसा किया है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in